हरिभूमि

# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि

रोहतक, बुधवार, 9 अप्रैल 2025

11 जिले में नशा मुक्ति का संदेश देने के बाद...



12 खाद एवं बीज विक्रेताओं की हड़ताल दूसरे दिन भी जारी, दुकानें बंद...



# सरकारी स्कूलों में मैन्यूवली नहीं अब एमआईएस पोर्टल पर रोजाना अपडेट करनी होगी टीचर डायरी

सतीश सैनी ⏭ नारनौल


- माध्यमिक शिक्षा सहायक निदेशक ने प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारी को जारी किया पत्र

सरकारी स्कूलों में मैन्यूवली की बजाय अब रोजाना टीचर डायरी एमआईएस पोर्टल पर अपडेट करनी होगी। यह निर्देश बुधवार से प्रदेश के सभी सरकारी स्कूल के अध्यापकों पर लागू हो जाएंगे। यहीं नहीं, स्कूल मुखिया के लिए हर माह एक प्रमाण कम्पीलिट सर्टिफिकेट (ऑनलाइन) प्रस्तुत करना भी अनिवार्य है। शिक्षक डायरी लिखने का कार्य पूरा न करने वाले शिक्षकों पर विभागीय कार्रवाई की जा सकती है।

प्रदेश के सभी डीईओ व डीईईओ को मंगलवार भेजे गए इस पत्र के मुताबिक प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में पढ़ाने वाले सभी शिक्षकों द्वारा एमआईएस पोर्टल पर शिक्षक डायरी भरनी होगी। सभी शिक्षकों के लिए अपनी टीचर डायरी अपडेट करना अनिवार्य है। भले ही कोई शिक्षक ड्यूटी पर हो (चुनाव/परीक्षा), प्रशिक्षण या कार्यशाला आदि में भाग ले रहा हो या किसी भी तरह के अवकाश पर हो, उसे पोर्टल पर अपडेट करना होगा। शिक्षकों को दैनिक या साप्ताहिक आधार पर अपनी डायरी लिखनी होगी।

## यह रहेगा सिस्टम

यह वांछनीय है कि शिक्षक अपने पाठों की पूर्व योजना बनाएं और उसी के अनुसार डायरी लिखे। अप्रत्याशित परीस्थितियों या किसी अधिकारिक व्यस्तता के कारण यदि कोई शिक्षक समय पर डायर सब्मिट नहीं करता है तो उसे अगले 15 दिन के भीतर डायरी अपडेट करने की अनुमति दी जा सकती है। अध्यापक द्वारा डायरी सब्मिट करने उपरांत संबंधित विद्यालय के एमआईएस पोर्टल पर स्कूल के डीडीओ/प्रधानाचार्य/मुख्याध्याक/प्रभारी द्वारा डायरी का पुनः अवलोकन/जांच किया जाएगा। यह विद्यालय डीडीओ/प्रधानाचार्य/ मुख्याध्यापक/प्रभारी की जिम्मेदारी है कि वे सभी शिक्षकों की टीचर डायरी सत्यापित करें। यदि कोई कारणवश वे इसे रिजेक्ट करते है तो कारण साथ में लिखे।



GOVERNMENT OF HARYANA
Department of School Education
[Management Information System]
USER MANUAL FOR Teacher Diary
Teacher Login:
- Users need to login into MIS with their Employee code and password.

Department of School Education, Haryana
Sign in to your account

नारनौल। इस तरह एमआईएस पोर्टल पर अपलोड करनी होगी टीचर डायरी। फोटो : हरिभूमि

## बदली होने पर यह करना अनिवार्य

शिक्षक डायरी लिखने का कार्य पूरा न करने वाले शिक्षकों पर विभागीय कार्रवाई की जा सकती है। सामान्य शिक्षक स्थानांतरण अभियान के दौरान शिक्षकों को डायरी जमा करने से छूट दी जाएगी। प्रधानाचार्य को भी कार्य समाप्ति का प्रमाण पत्र जमा करने से छूट दी जाएगी। यदि ट्रांसफर में अध्यापक का विद्यालय बदल जाता है तो वह पुराने विद्यालय की एंट्री डी एक्टिवेट करने उपरांत नए विद्यालय की एंट्री करें। यदि यह कार्य नहीं किया जाता तो एंट्री वर्तमान प्रधानाचार्य को उपलब्ध नहीं होगी।

## क्या कहते है डीईओ



*डीईओ संतोष कुमार ने बताया कि आज ही यह पत्र हमें मिला है। सभी स्कूलों को बीईओ के माध्यम से भिजवा भी दिया है। बुधवार से ही अब मैन्यूवल की बजाय एमआईएस पोर्टल पर टीचर डायरी अपडेट करनी होगी। ऐसा नहीं करने पर विभागीय कार्रवाई संबंधित अध्यापक के खिलाफ की जाएगी।*

## हर माह प्रस्तुत करना होगा कम्पीलिट सर्टिफिकेट

विद्यालय के प्रधानाचार्य के लिए हर महीने एक प्रमाण कम्पीलिट सर्टिफिकेट (ऑनलाइन) प्रस्तुत करना भी अनिवार्य है, जिसमें यह बताया गया हो कि विद्यालय के सभी शिक्षकों ने संबंधित महीने के लिए शिक्षक डायरी जमा कर दी है। डीईओ/डीईईओ अपने विभागीय डैशबोर्ड (एमआईएस पोर्टल पर उपलब्ध) के माध्यम से शिक्षकों/विद्यालयों की नियमित निगरानी सुनिश्चित करेंगे। डीईओ/डीईईओ विद्यालय का निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण करते समय यह सुनिश्चित करेंगे कि शिक्षकों द्वारा डायरी भारी जाती है और समय समय पर विद्यालय प्रमुख द्वारा सत्यापित किया जाता है। साथ ही प्रमाण पत्र हर महीने विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा प्रस्तुत किया जाता है।

## खबर संक्षेप

### भगवान महावीर जन्म कल्याण महोत्सव कल

**नारनौल।** भगवान महावीर जन्म कल्याण महोत्सव 10 अप्रैल को सकल जैन समाज की तरफ से बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। पूर्व मीडिया प्रभारी गोपाल जैन ने बताया प्रातः पांच बजे प्रभात फेरी, इसके उपरांत 6:30 बजे अभिषेक व शांति धारा व सात बजे सामूहिक पूजा, नौ बजे विशाल शोभायात्रा श्री 1008 शांति नाथ दिगंबर जैन मंदिर नलापुर से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए श्री 1008 शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में संपन्न होगी।

### रेडक्रॉस कार्यालय में रक्तदान कैंप आज

**नारनौल।** जिला रेडक्रॉस समिति की ओर से नौ अप्रैल को रेडक्रॉस कार्यालय में रक्तदान कैंप का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए रेडक्रॉस से डा. एसपी सिंह ने बताया कि नौ अप्रैल को सुबह नौ बजे रेडक्रॉस भवन में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर रक्तदान करें।

### पुराने बस स्टैंड से बाइक ले उड़े चोर

**मंडी अटेली।** अटेली के पुराने बस स्टैंड के समीप बाइक खड़ी कर लग्न कार्यक्रम में युवक गया। वापस आया तो बाइक चोरी मिली। पुलिस में दर्ज शिकायत में राजस्थान के डाबड़वास सतपाल ने बताया की गत 26 फरवरी को वह अटेली में लग्न के कार्यक्रम में आया था। उसकी बाइक पुराना पावर हाऊस बस स्टैंड के पास खड़ी की हुई थी। जब वह लग्न का प्रोग्राम से वापिस समय करीब रात्रि साढ़े 10 बजे आया तो उसे उसकी बाइक नहीं मिली।

### गुढ़ा के दादा छाजुवीर आश्रम में कैम्प 15 को

**कनीना।** गांव गुढ़ा में 15 अप्रैल को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर व भंडारे का आयोजन किया जाएगा। ग्रामीण सुशील भारद्वाज ने बताया कि उनके पिता फतेहचंद भारद्वाज की 22वीं पुण्यतिथि पर दादा छाजुवीर आश्रम में आयोजित होने वाले इस समारोह की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। उन्होंने बताया कि 14 अप्रैल को रात्रि नौ बजे से जागरण का किया जाएगा। इसके बाद 15 अप्रैल को सुबह 11 बजे से सायं पांच बजे तक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन होगा।

### निजामपुर पटरियों पर साधु का मिला शव

**नारनौल।** निजामपुर रेलवे स्टेशन पर एक साधु की लाश मिली है। रेलवे पुलिस की मानें तो साधु की बीमारी के चलते मौत हो गई। पुलिस शव की पहचान करने में जुटी हुई है, जबकि शव को नागरिक अस्पताल नारनौल में रखवाया गया है। जानकारी मुताबिक निजामपुर रेलवे स्टेशन पर मंगलवार प्रातः करीब पौने नौ बजे रेलवे पुलिस को एक साधु वेशधारी की लाश मिली। जीआरपी इंचार्ज कैलाश शर्मा ने बताया कि डैडबॉडी मिलने के बाद पुलिस ने उसको कब्जे में ले लिया तथा शिनाख्त की कोशिश की। मगर साधु के पास पहचान के लायक कुछ नहीं मिला।

## हकेंवि में एनएसयूई के विद्यार्थियों ने विभिन्न मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

# विवि गेट पर ताला जड़ा, पहुंची पुलिस

- विवि प्रशासन के खिलाफ की जमकर नारेबाजी
- विद्यार्थियों ने विवि प्रशासन पर लगाया अनदेखी का आरोप, बुलानी पड़ी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

गांव जाट पाली स्थित हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में मंगलवार को एनएएसयूई (नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन आफ इंडिया) के विद्यार्थियों ने विभिन्न मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने विवि प्रशासन पर छात्रों के हितों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की तथा विश्वविद्यालय के मुख्य गेट पर ताला जड़ दिया। विवि प्रशासन के मिले आश्वासन के बाद विद्यार्थियों ने अपना धरना समाप्त किया।धरना प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने बताया कि वे अपनी विभिन्न मांगों को लेकर कई बार विवि प्रशासन से मिल चुके है तथा लिखित में भी ज्ञापन सौंपा जा चुका है, लेकिन विवि प्रशासन ने उनकी मांगों की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया। मंगलवार को गुस्साए छात्रों ने विश्वविद्यालय के मुख्य गेट पर ताला जड़ दिया। विद्यार्थियों के प्रदर्शन की सूचना के बाद मौके पर पुलिस बुलाई गई, लेकिन विद्यार्थी अपनी मांग पर अडिग रहे।

विद्यार्थियों का कहना था कि विश्वविद्यालय में छात्र प्रतिनिधियों (डीआर) के चयन की प्रक्रिया पक्षपात पूर्ण है। वर्तमान में 40 डीआर में से 20 का चुनाव होता है तथा 20 को नामांकित किया जाता है। जिसमें विशेष रूप से एक संगठन से जुड़े छात्रों को तरजीह दी जाती है। छात्रों ने मांग की है कि सभी 40 डीआर का चुनाव सीधे छात्रों द्वारा किया जाएं, जिससे लोकतांत्रिक प्रक्रिया सुनिश्चित हो सके। इसके अलावा छात्रों ने रिसर्च स्कॉलर्स की नॉन-नेट फेलोशिप को लेकर भी नाराजगी जताई गई। छात्रों ने कहा कि पिछले आठ वर्षों से पीएचडी करने वाले नॉन-जेआरएफ छात्रों को केवल 8000 रुपये प्रतिमाह स्टाइपेंड मिल रहा है, जबकि महंगाई में 24 प्रतिशत की वृद्धि हो चुकी है। इस राशि में गुणवत्तापूर्ण रिसर्च करना असंभव है। छात्रों ने विश्वविद्यालय में मूलभूत सुविधाओं की कमी को भी उजागर करते हुए बताया कि गर्मी के मौसम में पीने के पानी की भारी समस्या है। वाटर कूलर का पानी खारा है और कैंपस में पर्याप्त पेयजल व्यवस्था नहीं है। साथ ही विश्वविद्यालय की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठाए गए।



महेंद्रगढ़। केंद्रीय विश्वविद्यालय में अपनी मांगों लेकर प्रदर्शन करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### आक्रोश

## प्रदर्शन रोकने के लिए दिखाई सख्ती

छात्रों ने आरोप लगाया कि जब कोई गंभीर घटना होती है तो पुलिस तीन घंटे बाद पहुंचती है, लेकिन छात्र संगठन का प्रदर्शन रोकने के लिए पहले ही पुलिस को बुला लिया जाता है। छात्रों ने विश्वविद्यालय प्रशासन पर एक विशेष संगठन के पक्ष में झुकाव का आरोप लगाते हुए कहा कि निष्पक्षता और पारदर्शिता का पूरी तरह से अभाव है। उन्होंने मांग की कि विश्वविद्यालय प्रशासन छात्रों की बात सुने, सभी मुद्दों पर तत्काल कार्रवाई करें। छात्रों की प्रदर्शन की सूचना के डीएसडब्ल्यू आनंद शर्मा सहित अन्य प्रोफेसर पर मौके पर पहुंचे तथा छात्रों को समझाने का प्रयास किया। डीएसडब्ल्यू आनंद शर्मा ने मिले आश्वासन के बाद विद्यार्थियों ने अपना धरना समाप्त किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की पीने की पानी की समस्या का जल्द ही समाधान कर दिया जाएगा तथा विद्यार्थियों की अन्य मांगों पर विचार विर्मश कर समाधान किया जाएगा। एनएसयूआई के अध्यक्ष सुनील कमानियां ने कहा कि अगर विद्यार्थियों की समस्या का जल्द समाधान नहीं हुआ तो विद्यार्थी जल्द ही बड़ा आंदोलन करेंगे। इस अवसर पर धीरज कुमार, मोहित कुमार, अनुज कुमार, अरूण कुमार, राजकुमार, उत्तम सिंह व ज्योति सहित अन्य विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## राजस्थान से लाई सरसों का ट्रक पकड़ा, फर्म पर लगाया जुर्माना

- सीएम फ्लाइंग और मापतोल विभाग ने धर्म कांटों का किया निरिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कनीना

गुप्तचर विभाग नारनौल की टीम ने निरीक्षक लीलाराम के नेतृत्व में मंगलवार शाम कनीना अनाज मंडी में राजस्थान से लाई गई सरसों से भरे हुए ट्रक को पकड़ा। जिसमें ढाई सौ क्विंटल सरसों भरी हुई थी, जो श्याम ट्रेडिंग कंपनी के नाम से मंगवाई गई थी, जिसका मालिक अशोक कुमार बताया गया है। ट्रक को पड़कर उस पर मार्केट कमेटी की फीस 14875 रुपये लगाई गई। इसके अलावा 3720 रुपये का जुर्माना भी लगाया गया।

कबीलेगौर है कि कनीना मंडी में इस समय सरसों की सरकारी खरीद समर्थन मूल्य 5950 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से खरीदी जा रही है, जिसको लेकर व्यापारी मौके का फायदा उठाते हुए दूसरे प्रदेशों से सरसों सस्ते दामों पर मंगा कर उसको सरकारी रेट पर बेचकर मुनाफा खोरी करने का प्रयास करते हैं। इसको लेकर विभाग सतर्क है इससे पहले भी एक ट्रक पकड़ा गया था।

वहीं दूसरी और किसान अनाज मंडी के गेट पर लगाए गए दो धर्म कांटो पर वजन में गड़बड़ी का आरोप लगाते रहे हैं। इस पर मंडी में तौल कांटा चेक किया गया।



कनीना। मंडी में धर्म कांटों की जांच करते सीएम फ्लाइंग गुप्तचर विभाग व मैट्रोलोजी डिपार्टमेंट की संयुक्त टीम।

### 14875 रुपये की मार्केट फीस तथा 3720 रुपये का जुर्माना ठोका

मार्केट कमेटी कनीना के सचिव विजय सिंह ने बताया कि मंगलवार को मार्केट कमेटी में सीआईडी के कर्मचारियों ने राजस्थान से कनीना मंडी लाई जा रही एक ट्रक सरसों काबू की है। जिसे अधिकारियों ने अपने कब्जे में लेकर 14875 रुपये की मार्केट फीस तथा 3720 रुपये का जुर्माना ठोका है।

## अवैध खनन लेकर जा रहे वाहन को रोका तो जेसीबी को मारी टक्कर, 66 दिन बाद केस

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

- बायल अरावली क्षेत्र में अवैध रास्तों को जेसीबी मशीन की सहायता से रास्ते बंद की चल रही थी प्रक्रिया, तभी हुई वारदात

नांगल चौधरी क्षेत्र के बायल अरावली एरिया में अवैध रास्तों को जेसीबी मशीन की सहायता से वन विभाग बंद कर रहा था। उस वक्त दो ट्रेक्टर ट्राली आई। उनमें अवैध खनन था। रोकने पर वाहन को तेज दौड़ा दिया और जेसीबी मशीन तक को टक्कर मार दी। किसी तरह वन कर्मचारियों ने रोका तो भीड़ का फायदा उठाकर चालक वाहन सहित फरार हो गए। वारदात के दो दिन बाद यह शिकायत 31 जनवरी को पुलिस को दी थी। अब 66 दिन बाद निजामपुर पुलिस ने शिकायत पर बीएनएस की धारा 132,281 के तहत केस दर्ज किया है।

इस शिकायत में वन राजिक अधिकारी रजनीश ने बताया है कि 29 जनवरी को नांगल चौधरी वन रेंज के अंतर्गत आने वाले नांगल दर्गू वन खण्ड के कर्मचारी वन रक्षक जितेश, श्रमिक मोहनलाल द्वारा संयुक्त रूप से बायल अरावली क्षेत्र में अवैध रास्तों को जेसीबी मशीन की सहायता से बंद करवाया जा रहा था। हलका वन रक्षक जितेश ने ट्रेक्टर ट्राली को रूकवाना चाहा तो चालक ने ट्रेक्टर को रोकने की बजाए कर्मचारियों की जान माल साधनों की परवाह ना करते हुए तेज गति से दौड़ाया। जिस दौरान सामने चल रही जेसीबी मशीन के टक्कर मारी। इसके अतिरिक्त एक ओर अवैध पत्थरों से भरा हुआ ट्रेक्टर ट्राली उस रास्ते में आता हुआ दिखाई दिया। जिसको भी रोकने का प्रयास किया तो वह भी ट्रेक्टर को तेज गति से भगाने लगा। इसके उपरांत हलका वन रक्षक जितेश ने आरोपितों से पूछताछ करनी चाही तो लोगों की ज्यादा भीड़ होने के कारण दोनों चालक ट्रेक्टर ट्राली सहित चकमा देकर फरार हो गए। शिकायतकर्ता ने बताया है कि आरोपित व अन्य संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ अरावली वन क्षेत्रों में अवैध खनन करने व सरकारी कार्य में बाधा डालने बाबत कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाए। इन व्यक्तियों द्वारा जिस भी ग्राईन्डिंग यूनिट पर अवैध पत्थर को डाला जाता है, उनके खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जाए।

## ड्रोन उड़ाने के प्रशिक्षण से युवाओं को रोजगार के मिलेंगे विकल्प, ग्रामीण युवाओं को निःशुल्क मिलेगी ट्रेनिंग

- विधायक मंजू चौधरी ने ड्रोन प्रशिक्षण केंद्र का किया शुभारंभ
- किसानों को कृषि कार्यों को सुगमता से संपन्न करने की मिलेगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नांगल चौधरी

ड्रोन गुरु इंडिया टेक्नोलॉजी संस्थान के तत्वावधान में अकबरपुर में ड्रोन पायलेट प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ नांगल चौधरी की विधायक मंजू चौधरी ने किया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थापक कैप्टन रविंद्र शेरावत ने की। जिसमें समाजसेवी बलराज भडाना मुख्य रूप से मौजूद रहे। उन्होंने युवाओं को प्रशिक्षण के लिए प्रेरित किया, जिससे रोजगार के विकल्प बढ़ेंगे।

उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजी का प्रयोग हर क्षेत्र में हो रहा है और जो आने वाले समय में टेक्नोलॉजी के साथ आगे बढ़ेगा, वही ही अपने क्षेत्र में वर्चस्व स्थापित कर सकेगा। ड्रोन प्रशिक्षण से कई लाभ मिलते हैं, जैसे कि रोजगार के नए अवसर, कृषि में दक्षता और नवाचार तथा विभिन्न क्षेत्रों में कुशल कार्य करने की क्षमता विकसित होती है। उन्होंने ड्रोन का डेमो देते हुए समझाया कि यदि किसी दुर्गम स्थान पर आग लग जाए, जहां पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी नहीं पहुंच पाए। वहां पर हम ड्रोन की सहायता से भीड़भाड़ वाले संकरी शहरी क्षेत्र में आग पर जल्दी से जल्दी कबू पा सकते हैं।

विधायक मंजू चौधरी ने कहा कि ड्रोन प्रशिक्षण से बेरोजगार युवकों को रोजगार मिलेगा और कृषि कार्यों में सुविधा मिलेगी। हम आज के युग में तकनीक को नजरअंदाज नहीं कर सकते। ड्रोन वर्तमान में कई तरह के से उपयोग में हैं। सिविल इंजीनियर अक्सर पुलों और संरचनाओं पर दूर से दृश्य निरीक्षण करने के लिए उनका उपयोग करते हैं।

ऊंची इमारत में सामान आसानी से पहुंचा जा सकता है, जहां सुरक्षित रूप से पहुंचना मुश्किल होता है। कैप्टन रविंद्र शेरावत ने बताया कि संस्था द्वारा पूरे भारतवर्ष में 10000 से ज्यादा पायलटो को प्रशिक्षित किया गया है और उनमें अधिकतर आज अच्छे वेतन पर दुनिया के अनेक कोनों में विमान उड़ा रहे हैं। क्षेत्र के 52 सरकारी स्कूल के प्रतिभाशाली छात्रों को प्रोत्साहन के तौर पर नकद पुरस्कार, ट्रॉफी और सर्टीफिकेट से सम्मानित किया गया।



नांगल चौधरी। अकबरपुर में ड्रोन प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ रकती विधायक मंजू चौधरी। फोटो : हरिभूमि

## डीटीपी ने हटाया अवैध अतिक्रमण

**नारनौल।** जिला नगर योजनाकार टीम ने मंगलवार को शहरी क्षेत्र में नई अनाज मंडी के सामने व आउटर बाईपास पर लगभग सात एकड़ भूमि में अवैध कॉलोनी में तोड़फोड़ की कार्रवाई की। इस दौरान लगभग 30 डीपीसी, छह चारदीवारी व दो अवैध निर्माण के साथ-साथ सभी रोड नेटवर्क उखाड़ दिए गए। यह पूरी तोड़फोड़ कार्रवाई जिला नगर योजनाकार गुंजन वर्मा की अगुवाई में कनिष्ठ अभियंता धर्मपाल, रवि कुमार, योगेन्द्र कुमार, विकास के साथ पुलिस बल की मौजूदगी में जिला प्रशासन की मदद से अमल में लाई गई।



नारनौल। अवैध अतिक्रमण हटाती जेसीबी। फोटो : हरिभूमि

## छह बच्चों का पिता ट्रेन के आगे कूदा

**नारनौल।** शहर में सीआईए अंडरपास के ऊपर ट्रेन के सामने कूदकर छह बच्चों के पिता कान मैलिया ने आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची जीआरपी ने शव का नागरिक अस्पताल से पोस्टमॉर्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। इंदिरा कॉलोनी में बनी झुग्गी–झौंपड़ी कॉलोनी में परिवार समेत रह रहा करीब 42 वर्षीय बीरूसिंह कान की सफाई करने का काम करता था। बीरू सिंह के छह बच्चे हैं और वह बहुत ही गरीब था। वह बच्चों का भरण पोषण सही प्रकार से नहीं कर पा रहा था, जिसकी वजह से उसने रात को करीब नौ बजे सीआईए अंडरपास के ऊपर से गुजर रही रेलवे लाइनों पर ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली।

## आज से सुबह सात से सायं छह बजे तक बाधित रहेगी बिजली

**सतनाली मंडी।** वार्षिक मरम्मत कार्य को लेकर बुधवार से शुक्रवार तक 33 केवी सब स्टेशन सुरेहती जाखल व सतनाली बास से संबद्ध फीडरों की बिजली आपूर्ति सुबह सात से सायं छह बजे तक बाधित रहेगी। बिजली निगम के एसडीओ हनुमान सिंह ने बताया कि हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम सतनाली 132 केवी सब स्टेशन के इंजीनियर के अनुरोध पर बिजली विभाग ने यह शट डाउन जारी किया है। जिसके तहत बिजली सब स्टेशनों के यंत्रों की वार्षिक मरम्मत का कार्य किया जाएगा। इस कार्य के चलते 132 केवी सब स्टेशन सतनाली से चलने वाले 33 केवी सुरेहती जाखल और सतनाली बास से संबद्ध 11 केवी घरेलू और कृषि फीडर व इससे चलने वाले गांव की बिजली आपूर्ति नौ से 11 अप्रैल तक सुबह सात से सायं छह बजे तक बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि इस दौरान इन दोनों 33 केवी सब स्टेशनो की सप्लाई वैकल्पिक तौर पर 33 केवी बारड़ा की लाइन से जोड़ कर घरेलू फीडरों बिजली आपूर्ति की जाएगी व कृषि फीडर की सप्लाई कम दी जाएगी। विभाग के निर्देशानुसार बिजली आपूर्ति दिन में बंद रहेगी व मरम्मत का कार्य पूरा होने पर पुनः 132 केवी सब स्टेशन सतनाली से जोड़कर बिजली की आपूर्ति को शेड्युल के अनुसार सुचारू रूप से चालू कर दिया जाएगा।

### अप्रैल महीने की शुरुआत में ही तापमान में रिकॉर्ड तोड़ बढ़ोतरी

# झुलसाने वाली गर्मी का सिलसिला जारी, तापमान 42 डिग्री पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

- मई व जून में गर्मी दिखएगी अपना भीषण रूप

मैदानी राज्यों विशेषकर हरियाणा एनसीआर दिल्ली में समय से पहले झुलसाने वाली गर्मी व हीट वेव लूं के प्रकोप का सिलसिला जारी है। साथ ही साथ सम्पूर्ण इलाके में लगातार दिन व रात के तापमान में उफान देखने को मिल रहा है, जल्द ही मौसम में बदलाव की संभावना बन रही है। वर्तमान में मैदानी राज्यों विशेषकर हरियाणा एनसीआर दिल्ली पर लगातार बलुचिस्तान व थार मरुस्थल से सीधी उष्ण तथा तीक्ष्ण हवाओं के आगाज और सूर्य देव की झुलसाने वाली किरणों से सम्पूर्ण इलाके में गर्मी के तेवरों को और प्रचंड बना दिया है। जिसकी वजह से सम्पूर्ण वातावरण में नमी नदारद हो गई है। अप्रैल महीने की शुरुआत में रिकॉर्ड तोड़ तापमान में बढ़ोतरी बयान करती है कि मई व जून में गर्मी अपना भीषण रूप दिखाएगी।

हरियाणा एनसीआर दिल्ली में गर्मी ने आमजन के दिन व रात का चैन छीन लिया है। पंखे व कूलर गर्म हवाएं फेंक रहे हैं। सम्पूर्ण इलाके में सुबह से ही सूर्य देव अपने तल्ख़ तेवरों को बना लेते हैं। दोपहर होते होते सड़कों पर सन्नाटा पसरने लगता है, लेकिन जल्दी ही एक बार फिर से हरियाणा एनसीआर दिल्ली में मौसम में बदलाव की संभावना बन रही है, क्योंकि एक नया पश्चिमी विक्षोभ नौ अप्रेल को उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों पर सक्रिय होगा। जिससे मैदानी राज्यों विशेषकर हरियाणा एनसीआर दिल्ली में नौ से 13 अप्रैल के दौरान मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। इस दौरान सम्पूर्ण इलाके पर बादलों की आवाजाही बढ़ेगी और तेज गति से हवाएं अंधड़ चलने धुल भरी आंधी जैसी गतिविधियों के साथ हरियाणा के 50 से 60 प्रतिशत एरिया में हल्की बारिश बूंदाबांदी की संभावना बन रही है, इसके अलावा एक दो स्थानों पर ओलावृष्टि की को नकारा नहीं जा सकता। इस दौरान नमीं वाली हवाओं से सम्पूर्ण इलाके में उमसभरी पसीने वाली गर्मी से आमजन को रूबरू होना पड़ेगा। इस प्रकार के मौसम में बदलाव से झुलसाने वाली गर्मी व हीट वेव के पहले दौर से आमजन को 11 अप्रैल के बाद राहत मिलेगी। जिससे आने वाले 11 अप्रैल से 16 अप्रैल तक बढ़ते हुए तापमान पर अंकुश व हीट वेव पर लगाम लगेगी।

मौसम विशेषज्ञ डा. चंद्र मोहन ने बताया कि वर्तमान समय में लावणी सीजन चला हुआ है। किसान भाइयों को सलाह दी जाती है कि मौसम स्थितियां देखते हुए अपने कृषि कार्यों जल्द से जल्द अंजाम दें। कृषि उत्पादों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाए और खेतों या मंडी में अपने उत्पादों को सुरक्षित तिरपाल से ढंके। कृषि फसलों में सिंचाई की गतिविधियों को रोक दें। उन्होंने बताया कि हरियाणा एनसीआर दिल्ली में अधिकतर स्थानों पर दिन व रात के तापमान सामान्य से अधिक बने हुए हैं।



## जाट का टाइटल ट्रैक रिलीज, सनी ने साउथ में दिखाया नॉर्थ का दम...

**नई दिल्ली।** सनी देओल की आने वाली फिल्म जाट का टाइटल ट्रैक रिलीज कर दिया है। जाट के ट्रेलर की तरह ही ये गाना भी फैन्स को खूब पसंद आ रहा है। इससे पहले उर्वशी रौतेला का एक स्पेशल सॉन्ग 'दिल तुझको ही दूंगी पहले सॉरी बोल' रिलीज किया गया था। थमन के म्यूजिक ने उस गाने में भी दर्शकों का दिल जीता और टाइटल ट्रैक ने तो फिल्म पर चार चांद लगा दिए हैं। ऐसा लग रहा है जैसे कि ये गाना पूरी तरह से सनी देओल की पर्सनैलिटी को ध्यान में रखते हुए ही बनाया गया है। सनी देओल, रणदीप हुड्डा और विनीत कुमार सिंह की जाट 10 अप्रैल को आ रही है। सलमान खान की सिकंदर के बाद ये दूसरी बड़ी फिल्म है जो बॉक्स ऑफिस पर आई है।

लाइफ Style

# अपूर्वा

## कहानीकार से कहानी को दूर मत करो

एजेंसी ⏭ मुंबई

सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और अभिनेत्री अपूर्वा मुखीजा इस साल फरवरी में शुरू हुए 'इंडियाज गॉट लैटेंट' विवाद को लेकर मुश्किलों में फंसी हुई थीं। विवाद शुरू होने के ठीक दो महीने बाद मंगलवार, 8 अप्रैल को अपूर्वा ने अपना पहला पोस्ट शेयर किया।

पोस्ट में उन्हें धमकी देने वाले सैकड़ों कमेंट और संदेशों के स्क्रीनशॉट शामिल थे। पोस्ट की पहली स्लाइड में लिखा था, 'ट्रिगर वार्निंगः इस पोस्ट में एसिड अटैक, बलात्कार की धमकियां और मौत की धमकियां शामिल हैं।' अगली 19 स्लाइडों में नफरत, गाली-गलौज, बलात्कार की धमकियां और मौत की धमकियों से भरे मैसेज और टिप्पणियां थीं, जिनमें 'मां बाप ने कुछ सिखाया नहीं क्या?', 'घटिया लड़की', 'क्या तुम्हें शर्म नहीं आती?', 'ध्यान आकर्षित करने वाला व्यवहार' जैसी टिप्पणियां थीं। ये उनके द्वारा साझा किए गए सैकड़ों मैसेज के स्क्रीनशॉट में से कुछ टिप्पणियां थीं।

उन्होंने पोस्ट साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, 'और यह एक प्रतिशत भी नहीं है।' पहली पोस्ट साझा करने के बाद अपूर्वा ने कुछ ही मिनटों बा एक और पोस्ट साझा की, जिसमें लिखा था, 'कहानीकार से कहानी को दूर मत करो।' वहीं, कई यूजर्स और उनके कई साथियों ने उनकी पोस्ट पर कमेंट किया और उनका समर्थन किया। अपूर्वा सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर अपने प्रशंसकों के बीच 'द रिबेल किड' के रूप में जानी जाती हैं। उनके इंस्टाग्राम पर 3 मिलियन से अधिक फॉलोअर्स हैं।




हॉलीवुड मसाला



## 'थंडरबोल्ट्स' का ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल स्टूडियोज ने अपनी आगामी फिल्म 'थंडरबोल्ट्स' का ट्रेलर जारी कर दिया है। एक मिनट 34 सेकंड के ट्रेलर में लोगों को एवेंजर्स को याद करते और 'थंडरबोल्ट्स' को उनकी जगह लेते हुए देखा जा सकता है। ट्रेलर में काफी दमदार एक्शन भी देखने को मिला। इसे देखकर लगता है कि कहानी एंटी-हीरोज के हीरो बनने की है। ट्रेलर की शुरुआत एवेंजर्स की कमी खलने से होती है। उनकी कमी पूरी करने के लिए एक प्रयोग किया जाता है, जो बहुत ही भयावह साबित होता है।



## आखिरी मिशन पर निकले टॉम क्रूज...

**नई दिल्ली।** मिशन इम्पॉसिबल हॉलीवुड की सबसे पॉपुलर फिल्म फ्रैन्चाइज में से एक है। इस सुपर फेमस फ्रैन्चाइज की छोटी से छोटी झलक के लिए फैंस बेचैन रहते हैं। मिशन इम्पॉसिबल के फैंस सीमित नहीं हैं, बल्कि पूरे विश्व में इस फ्रैन्चाइज के चाहने वाले मौजूद है। हॉलीवुड सुपरस्टार टॉम क्रूज की मिशन इम्पॉसिबल फ्रैन्चाइज एक बड़ा माइल्स्टोन मानी जाती है। मिशन इम्पॉसिबल के सभी पार्ट्स में एक्शन का भरपूर डोज दिया जाता रहा है और इसमें पर्फॉर्म किए गए स्टंट्स की सरहाना पूरी दुनिया के फिल्ममेकर्स करते हैं। सोमवार को मिशन इम्पॉसिबल फ्रैन्चाइज की आखिरी फिल्म 'मिशन इम्पॉसिबलः द फाइनल रेकनिंग' का ट्रेलर रिलीज हुआ है।



## नेटिजन्स हुए खूबसूरती के दीवाने...

**मुंबई।** बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री डिंपल कपाड़िया ने हाल ही में मुंबई में हुए मैडॉक की सालगिरह की पार्टी में हिस्सा लिया। इस दौरान उनके साथ उनकी नातीन नाओमिका सरन भी नजर आईं। नाओमिका ने तुरंत सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। उन्होंने अपनी नानी के साथ पैपराजी के लिए पोज भी किया। नाओमिका का लुक नेटिजन्स को काफी पसंद आया और उनका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा। नाओमिका को जैसे ही नेटिजन्स ने देखा उनकी खूबसूरती की तारीफ करने लगे। एक यूजर ने लिखा, क्यूट, एक अन्य ने लिखा, मिनी ट्विंकल खन्ना, एक और ने कमेंट किया, 'हां यार ये तो कैटरीना और ऐश्वर्या से बेहतर लग रही है। एक्टिंग पता नहीं कैसी है। हां अगर एक्टिंग अच्छी हुई तो अच्छी-अच्छी अभिनेत्रियों को ये पीछे कर देगी।'



## 'विकी डोनर' 18 अप्रैल को होगी री-रिलीज

**मुंबई।** सामाजिक मुद्दों से जुड़ी फिल्में करने के लिए मशहूर अभिनेता आयुष्मान खुराना एक बार फिर से सिनेमाघरों में धमाल मचाने आ रहे हैं। वो भी अपनी पहली फिल्म के साथ। जी हां, सही सुना आपने। फिल्मों के री-रिलीज की लिस्ट में अब आयुष्मान खुराना की पहली फिल्म 'विकी डोनर' का भी नाम शामिल हो गया है। इस बात की जानकारी खुद फिल्म की अभिनेत्री यामी गौतम ने दी है कि फिल्म फिर से सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म की मुख्य अभिनेत्री यामी गौतम ने विकी डोनर के री-रिलीज के बारे में जानकारी देते हुए अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट साझा की है। अभिनेत्री ने फिल्म का एक पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, 'वह फिल्म जहां से हमारे लिए सबकुछ शुरू हुआ। फिर मिलेंगे सिनेमाघरों में। 18 अप्रैल की तारीख सेव कर लीजिए।'

टीवी मसाला



## कड़वाहट से शुरू होगी प्रेम कहानी! अबरार के आगामी शो का प्रोमो जारी

**नई दिल्ली।** दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए टीवी पर एक नया शो आने को तैयार है। आगामी शो 'कभी नीम नीम कभी शहद शहद' का प्रोमो निर्माताओं ने जारी किया। प्रोमों में दो एक दम अलग-अलग विचारधारों के लोगों के बीच प्यार और कड़वाहट जन्म लेता दिखा। प्रोमो में एक लड़की 'कथा', जिसे पेड़ और पौधों से बहुत प्यार है अपने गार्डेन के साथ काफी खुश नजर आती है। उसकी मां उसे टोकते हुए प्यार से कहती है, इन पौधों से ही शादी करोगी क्या? इसके बाद वह बीते हुए कल का उदाहरण देकर बात को टाल देती है। अगले ही पल एक रइसजादा (उदय) जो शेफ और जिसे कुकिंग से प्यार है उससे टकराता है, जिससे कथा के पौधे टूट जाते हैं। गोबर लगने से उदय नाराज हो जाता है। दोनों की बीच एक तीखी बहस होती है। उदय कसम खाता है कि वह उसे अपने प्यार में गिरा कर छोड़ देगा। यह धारावाहिक स्टार प्लस पर प्रसारित होगा। इसमें एक पारिवारिक ड्रामा और प्यार दोनों ही देखने को मिलने की उम्मीद है। 21 अप्रैल से शाम 7 बजे से इसका प्रसारण शुरू होगा। दर्शक इसे ओटीटी पर भी देख सकते हैं। शो में अबरार काजी और आफिया तायबली मुख्य भूमिका निभाएंगी। अबरार पहले से ही टीवी शो के माध्यम से लोगों को दिलों में जगह बना चुके हैं। उन्हें आखिरी बार 'कुमकुम भाग्य' में देखा गया था, जहां उन्हें राची शर्मा के साथ देखा गया था।

## छह सीजन जज करने के बाद विशाल ने छोड़ा 'इंडियन आइडल'

**नई दिल्ली।** मशहूर गायक-संगीतकार विशाल ददलानी ने छह सीजन तक इसके पैनल में जज रहने के बाद सिंगिंग रियलिटी शो इंडियन आइडल को अलविदा कह दिया। उन्होंने सोमवार को अपने सोशल मीडिया पर इंडियन आइडल के साथ अपने रिश्ते के खत्म होने की घोषणा की और कहा कि अब वह अपना सारा समय और एनर्जी दुनिया भर में संगीत बनाने और परफॉर्म करने में लगाना चाहते हैं। विशाल ने अपने इंस्टाग्राम पर श्रेया घोषाल और बादशाह के साथ एक प्यारा सा वीडियो साझा किया। इसके साथ ही उन्होंने एक लंबा नोट लिखा, जिसमें लिखा था, 'अलविदा, यारो। सीजन 6 में जितना मजा किया, उससे भी ज्यादा याद आएगी। हक से ज्यादा प्यार मिला है, इस शो की वजह से। इसमें शामिल सभी लोगों का हमेशा आभारी हूं। मुझे उम्मीद है कि शो मुझे उतना ही याद करेगा जितना मैं इसे मिस करूंगा।'



## 900 फिल्मों में काम करके बना 85 हीरोइन का हीरो...

**नई दिल्ली।** अक्सर फिल्म स्टार्स के बारे में कुछ फिगर्स डिक्लेयर किए जाते हैं, जिसमें बताया जाता है कि उन्होंने एक साल में कितनी फिल्मों में काम किया या ताउम्र कितनी फिल्मों में सक्रिय रहे। जैसे अक्षय कुमार के लिए कहा जाता है कि वो एक दौर में साल में सबसे ज्यादा फिल्म करने वाले स्टार थे। लेकिन, वो कभी एक हीरो का रिकॉर्ड नहीं तोड़ सके। इस हीरो ने सौ या दो सौ नहीं, बल्कि अपने पूरे कॅरियर में करीब 900 फिल्मों में काम किया था। इन 900 फिल्मों में से 700 फिल्में ऐसी थीं जिसमें वो लीड रोल में दिखे। चालीस फिल्मों में उन्होंने डबल रोल भी किए।



***साउथ के फिल्मों से बने सुपरस्टार :*** हम जिस एक्टर का यहां जिक्र कर रहे हैं उस एक्टर का नाम है प्रेम नजीर। प्रेम नजीर ने साउथ इंडियन फिल्मों से अपने कॅरियर की शुरुआत की थी। उनके नाम सबसे बड़ा रिकॉर्ड दर्ज है एक साल में रिलीज हुई फिल्मों का। कुछ साल ऐसे रहे जब प्रेम नजीर की 39-39 फिल्में रिलीज हुई हैं। मलयालम इंडस्ट्री को पूरी दुनिया में पहचान दिलाने का क्रेडिट भी उन्हें ही दिया जाता है। ज्यादा फिल्में करने का असर कभी उनकी एक्टिंग पर नहीं पड़ा। कहा जाता है कि वो इतनी रियलिस्टिक एक्टिंग करते थे कि फिल्म मेकर्स भी हैरान रह जाते थे।

***इस फिल्म से किया डेब्यू :*** प्रेम नजीर ने अपने पूरे फिल्मी कॅरियर में 40 फिल्मों में डबल और ट्रिपल रोल भी किया। इस दौरान उन्होंने 85 हीरोइन्स के साथ स्क्रीन शेयर की। उनकी पहली फिल्म साल1952 में रिलीज हुई थी, जिसका नाम था मरूमकल। इसके बाद उनकी फिल्म विसाप्पिंटे विली रिलीज हुई, जिसने उन्हें घर-घर में फेमस बना दिया। आपको बता दें कि प्रेम नजीर का असली नाम अब्दुल खादिर था। लेकिन, फिल्मी दुनिया में उन्हें प्रेम नजीर के नाम से पहचान मिली और फैन्स का प्यार भी।

## *इस एक्टर को अपनी गाड़ी में घर छोड़ने आते थे दिलीप कुमार, पंडित नेहरू ने दे दी थी फेवरेट छड़ी*

***नई दिल्ली।*** *अमिताभ बच्चन और धर्मेंद्र स्टारर फिल्म शोले में सूरमा भोपाली का किरदार निभाने वाले एक्टर सैयद इश्तियाक अहमद जाफरी उर्फ जगदीप को ऑडियंस से काफी सराहना मिली। उन्होंने अपनी फिल्मों में कॉमेडियन के अलावा गंभीर किरदार भी निभाए। अपनी शानदार एक्टिंग के लिए मशहूर हुए एक्टर की जिंदगी में एक ऐसा समय भी आया था जब उन्हें खुद दिलीप कुमार उनके घर तक छोड़ने आते थे। उस समय के पीएम पंडित जवाहरलाल नेहरु ने तो अपनी पसंद की छड़ी तक एक्टर को दे दी थी। जगदीप के बेटे एक्टर जावेद जाफरी ने एक इंटरव्यू में पिता को याद करते हुए उनकी जिंदगी से जुड़े कई किस्से शेयर किए थे। एक्टर ने अपने पिता की जिंदगी के स्ट्रगल की कहानी सुनाने के बाद कहा, 'फुटपाथ में उन्होंने दिलीप कुमार के बचपन का किरदार निभाया था। मुहुर्त शॉट उन्हीं पर लिया गया था। उन्हें रोना था उस सीन में। मेरे पिता ने बिना ग्लिसरीन लगाए ही रोने का वो सीन प्ले किया। उन्होंने वो सीन इतनी अच्छी तरह से निभाया कि दिलीप कुमार भी उनकी एक्टिंग पर फिदा हो गए। दिलीप साहब ने मेरे पिता को सौ रुपए इनाम दिया।'*



### *इस बच्चे के ऑटोग्राफ लीजिए*

*आगे एक्टर ने बताया, 'मेरे पिता और दादी तब तक माहिम में एक छोटी सी खोली किराए पर ले चुके थे। उस दिन की शूटिंग खत्म होने के बाद दिलीप साहब मेरे पिता को अपनी कार से छोड़ने माहिम आए थे। दिलीप साहब ने उन्हें एक पेट्रोल पंप के पास छोड़ा था। जब दिलीप साहब पेट्रोल पंप पर रुके तो वहां कुछ लोग उनके ऑटोग्राफ लेने आए। दिलीप साहब ने उनसे कहा कि इस बच्चे के ऑटोग्राफ लीजिए।*

### फिल्म इंडस्ट्री में लोग कहते थे मुन्ना


आगे एक्टर ने 'मेरे पिता को याद नहीं कि उन्हें जगदीप नाम किसने दिया था। मगर, उन्हें ये नाम पसंद था। उनका असली नाम सैयद इश्तियाक अहमद जाफरी था। और फिल्म इंडस्ट्री में लोग उन्हें मुन्ना कहते थे। नेहरू जी ने उन्हें फिल्म 'हम पंछी एक डाल के' के लिए अपनी छड़ी गिफ्ट की थी। नेहरू जी ने उस फिल्म के सभी बाल कलाकारों को अपने घर नाश्ते के लिए इनवाइट किया था। मेरे पिता की उम्र तब 15 साल थी। नेहरूजी ने सबको गिफ्ट दिए। मगर, जब मेरे पिता की बारी आई तो गिफ्ट खत्म हो गए। तब नेहरूजी ने अपनी छड़ी उठाई और मेरे पिता से कहा, 'मुझे मेरी ये छड़ी बहुत पसंद है। मगर, आज से ये तुम्हारी हुई।' वो छड़ी मेरे पिता ने हमेशा संभालकर रखी।'

### अनाउंसमेंट के वक्त ही लोगों का खींचा था अपनी ओर ध्यान

## इन बड़ी फिल्मों का बेसब्री से इंतजार कर रहे फैंस, लिस्ट में रामायण भी शामिल

***नई दिल्ली।*** *किसी भी फिल्म की घोषणा के बाद से ही फैंस उस फिल्म को लेकर काफी एक्साइटेड हो जाते हैं। क्योंकि वो अपने पसंदीदा कलाकार को बड़े पर्दे पर धमाल मचाते हुए देखना चाहते हैं। इसलिए वो फिल्म से जुड़ी एक-एक अपडेट चाहते हैं और अगर कई दिनों तक फिल्म के बारे में कोई अपडेट न मिले, तो फैंस फिल्म के मेकर्स से सवाल करने लगते हैं। पिछले कुछ वक्त से बॉलीवुड से लेकर साउथ तक की कुछ ऐसी फिल्में हैं, जिन्होंने अपने अनाउंसमेंट के वक्त ही लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा था। लेकिन अब उनकी अनाउंसमेंट को काफी वक्त बीत जाने के बाद भी फिल्म को लेकर कोई जानकारी काफी वक्त से सामने नहीं आई है। जिसके बाद अब फैंस फिल्मों के मेकर्स से सवाल कर रहे हैं। इस लिस्ट में बॉलीवुड स्टार रणबीर कपूर से लेकर साउथ के मेगा स्टार चिरंजीवी तक की फिल्में शामिल हैं।*


**विश्वंभरा :** साल 2023 में चिरंजीवी के जन्मदिन के मौके पर उनके फैंस को तोहफा देते हुए उनकी नई फिल्म 'विश्वंभरा' की घोषणा की गई थी। हालांकि, ऐलान के वक्त फिल्म को 'मेगा' नाम से प्रजेंट किया गया था। बाद में फिल्म का नाम विश्वंभरा बताया गया। फिल्म की घोषणा के बाद से ही फैंस इस फिल्म के लिए उत्साहित हैं। पहले इस फिल्म को इसी साल मकर संक्रांति के मौके पर रिलीज किया जाना था, लेकिन बाद में फिल्म को आगे बढ़ा दिया गया। इसके बाद कहा गया कि फिल्म मई 2025 तक रिलीज हो सकती है, मगर अब जानकारी सामने आ रही है कि फिल्म मई में भी रिलीज नहीं होगी। ऐसे में फिल्म के बारे में मेकर्स की ओर से कोई जानकारी सामने न आने पर फैंस मेकर्स से सवाल कर रहे हैं और फिल्म को लेकर नई अपडेट देने की अपील कर रहे हैं।



**हरि हर वीरा मल्लू :** सुपरस्टार पवन कल्याण की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'हरि हर वीरा मल्लूः पार्ट 1– स्वॉर्ड वर्सेस स्पिरिट' को लेकर भी फैंस के बीच काफी एक्साइटमेंट है। होली पर मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट का एलान करते हुए बताया था कि फिल्म 9 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। दर्शकों की बेचैनी तब बढ़ गई जब अप्रैल तक फिल्म को लेकर कोई नई जानकारी सामने नहीं आई और न ही फिल्म का प्रमोशन शुरू हुआ। हाल ही में फैंस ने मेकर्स से फिल्म को लेकर सवाल किए हैं और उनसे फिल्म के प्रमोशन को शुरू करने की अपील की है।




**कल्कि-2 :** फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' की सफलता के बाद से फैंस फिल्म के अगले पार्ट के लिए काफी उत्साहित हैं। मगर फैंस को फिल्म से जुड़ी कोई पुख्ता जानकारी हासिल नहीं हो पा रही है। हालांकि, बीच में ऐसी खबरें आई थीं कि फिल्म को इसी साल के अंत तक रिलीज करने की योजना है। लेकिन अभी तक ये साफ नहीं हो पाया है कि फिल्म की शूटिंग कब तक शुरू होगी या हो चुकी है।



**हेरा फेरी-3 :** जिन फिल्मों का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, उनमें प्रियदर्शन की कल्ट कॉमेडी फिल्म हेरा-फेरी का तीसरा पार्ट हेरा फेरी 3 भी शामिल है। बीते दिनों निर्देशक प्रियदर्शन ने ये कहकर दर्शकों का उत्साह और भी बढ़ा दिया कि वो जल्द ही फिल्म की शूटिंग शुरू करना चाहते हैं। हालांकि, अभी तक फिल्म को लेकर कोई पुख्ता जानकारी सामने नहीं आई है।



**रामायण :** रणबीर कपूर की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'रामायण' को लेकर फैंस काफी उत्साहित हैं। जबसे फिल्म की घोषणा हुई है, फैंस बड़ी ही बेसब्री से फिल्म का इंतजार कर रहे हैं। नितेश तिवारी के निर्देशन में बन रही इस फिल्म को दो भागों में रिलीज किए जाने की तैयारी है। हाल ही में रामनवमी के मौके पर फैंस को उम्मीद थी कि फिल्म से जुड़ी कोई अहम जानकारी सामने आएगी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। जिसके बाद फैंस ने निर्देशक नितेश तिवारी से फिल्म को लेकर कोई अपडेट देने की मांग की थी।




**कार्तिक आर्यन की अनाम फिल्म :** कार्तिक आर्यन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म को लेकर लगातार चर्चाओं में बने हुए हैं। फिल्म की शूटिंग के वीडियो और फोटोज लगातार समने आ रहे हैं। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन के साथ अभिनेत्री श्रीलीला नजर आएंगी। अनुराग बसु द्वारा निर्देशित इस फिल्म के बारे में फैंस नई अपडेट का इंतजार कर रहे हैं।



## खबर संक्षेप



नारनौल। नागरिक अस्पताल में ज्ञानार्जन करने पहुंच पॉलिटेक्निक के विद्यार्थी।

### विद्यार्थियों ने किया सिविल अस्पताल का भ्रमण

**नारनौल।** बाबा खेतानाथ गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक के विद्यार्थियों ने जिला नागरिक अस्पताल का भ्रमण किया। यह भ्रमण इंस्ट्रूमेंटेशन एंड कंट्रोल तथा इलेक्ट्रॉनिक ब्रांच के विद्यार्थियों के लिए विशेष रूप से था। इस प्रकार की विजिट का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को अस्पताल की कार्यप्रणाली रोगियों की देखभाल और चिकित्सा विभागों के बीच समन्वय को समझाना होता है। इसके अलावा, विद्यार्थियों को विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं और अस्पताल में उपलब्ध सेवाओं के बारे में भी जानकारी दी जाती है। इस प्रकार की विजिट से विद्यार्थियों को एक अद्वितीय अवसर मिलता है, जिससे वे चिकित्सा क्षेत्र के बारे में अधिक जागरूक हो पाते हैं और उन्हें अपने अध्ययन में मदद मिलती है। विजिट के दौरान विद्यार्थियों को विभिन्न विभागों का दौरा कराया गया।

### बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय की पुण्यतिथि मनाई

**नारनौल।** यदुवंशी डिग्री कॉलेज में 1857 के स्वाधीनता संग्राम के अग्रदूत मंगल पाण्डेय व महान साहित्यकार एवं सुप्रसिद्ध कवि राष्ट्रीय षीत वन्दे मातरम् के रचनाकार बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय की पुण्यतिथि धूमधाम से मनाई गई। संस्था डायरेक्टर सुरेश यादव ने कहा कि हमें अपने इतिहास को कभी नहीं भूलना चाहिए। बीते समय में उन महान स्वाधीनता संग्राम के सेनानियों ने हमें जो आज़ादी दिलाई। डा. प्रदीप यादव ने कहा कि 1857 की स्वाधीनता की लड़ाई के अग्रदूत मंगल पांडे ने आजादी की पहली अलख जगाकर हम सबको एकता के सूत्र में बांधा। प्राचार्य बजरंग लाल व उप प्राचार्या सोनल यादव यादव ने प्रार्थना स्थल पर सभी विद्यार्थियों को बताया कि हमें शहीदों की कुर्बानी को जाया नहीं जाने देना है।



### गुजरवास में सम्मान समारोह आयोजित

**मंडी अटेली।** पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अटेली से सेवानिवृत डॉ. सीएस वर्मा प्रभाकर की सेवानिवृत्ति पर उनके पैतृक गांव गुजरवास में सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें शिक्षा, साहित्य, लेखन राजनीति और समाजसेवा से जुड़ी अनेक हस्तियों ने भाग लिया। बसपा नेता अतर लाल ने डॉ. सीएस वर्मा को इलाके की तरफ से साफा पहनाकर तथा प्रशस्ति पत्र भेंटकर राष्ट्र गौरव अवार्ड से सम्मानित किया।

### बाइक चोरी के आरोपी को दबोचा

**महेंद्रगढ़।** वाहन चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना शहर पुलिस टीम ने एक आरोपित को गिरफ्तार किया है, जिसकी पहचान रोहित वासी खोल जिला रेवाड़ी के रूप में हुई। आरोपित को रेवाड़ी से प्रोडेक्शन वारंट पर लाकर गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पता लगाया कि आरोपित के खिलाफ चोरी के अन्य मामले भी दर्ज हैं। आरोपित से पूछताछ कर न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### व्यक्ति को पीटकर किया घायल, केस दज

**महेंद्रगढ़।** गांव राठीवास निवासी एक व्यक्ति ने तीन-चार लोगों पर उसके साथ मारपीट करने का आरोप लगाए हैं। सदर थाना पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की। गांव राठीवास निवासी अभिषेक ने पुलिस में दी शिकायत में बताया कि वह मेहनत मजदूरी का काम करता है। वह एक अप्रैल को शाम लगभग साढ़े छह बजे मजदूरी करके अपने घर लौट रहा था।

## हरियाणा उदय: विद्यार्थी व आम नागरिकों की रही रिकॉर्ड तोड़ भागीदारी

# जिले में नशा मुक्ति का संदेश देने के बाद साइक्लोथॉन 2.0 रेवाड़ी के लिए रवाना

सरकार युवाओं को नशे से दूर रखने को प्रतिबद्ध: ओमप्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

पूर्व मंत्री एवं विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में चल रही हरियाणा सरकार युवाओं को नशे जैसी बुराई से दूर रखने को प्रतिबद्ध है। यादव मंगलवार को आईटीआई के सामने से साइक्लोथॉन 2.0 को रेवाड़ी के लिए रवाना करने से पहले आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इस मौके पर उपायुक्त डा. विवेक भारती भी मौजूद थे। यात्रा में पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ, अतिरिक्त उपायुक्त डा. आनंद कुमार शर्मा ने भी साइकिल यात्रा में भाग लिया। हरियाणा उदय आउटरीच कार्यक्रम



नारनौल। साइकिलिस्ट का स्वागत करते हुए। फोटो: हरिभूमि

के तहत ड्रग फ्री हरियाणा बनाने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जन भागीदारी के साथ नशा मुक्ति का संदेश देने के लिए निकाली जा रही यह साइक्लोथॉन 2.0 अपने उद्देश्य में कामयाब हो रही है। उन्होंने कहा कि इस मुहिम को अब हर घर, हर गली, हर नुक्कड़ और चौराहे पर लेकर जाना है। उन्होंने कहा कि हरियाणा का हर नागरिक नशा मुक्ति के लिए एकजुट होकर काम कर रहा है। नशा मुक्त हरियाणा अभियान प्रदेश को नशा मुक्त बनाने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित हो रहा है। पुलिस के सहयोग से जिला महेंद्रगढ़ के 175 गांवों तथा 11 वार्ड को नशे से मुक्त कर लिया गया है। इस अभियान के तहत पुलिस नशा तस्करों पर कड़ी कार्रवाई कर रही है और लोगों को नशे के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

इस मौके पर सभी ने लोटे में नमक डालकर नशा न करने की शपथ भी ली। नारनौल से रवाना होते वक्त इस साइकिल यात्रा में हजारों साइकिलिस्ट का काफिला गांव बाछौद, खोड़, सलीमपुर, चंदपुरा गांव से होते हुए रेवाड़ी जिला में प्रवेश कर गया। इस साइकिल यात्रा की खास बात यह रही कि इसमें सात साल के बच्चे से लेकर 70 साल के बुजुर्ग तक ने पूरे जोश और उमंग के साथ युवाओं को नशे जैसी बुराई से दूर रहने का संदेश दिया। विभिन्न कॉलेजों की लड़कियों की भागीदारी भी ऐतिहासिक थी। जिला महेंद्रगढ़ में इतनी बड़ी संख्या में साइकिल रैली इससे पूर्व कभी नहीं देखने को मिली। इस यात्रा में राजनीतिक व सामाजिक संगठन, विद्यार्थी तथा आम नागरिकों की रिकॉर्ड तोड़ भागीदारी रही। सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग की सांस्कृतिक मंडलियों ने हरियाणवी रागनियों के जरिए जनता को जागरूक किया।

दारु मतना पिया करो पिया, रहे रोज लड़ाई घर में को लोगों ने खूब सराहा। कार्यक्रम में रेडक्रॉस के वालंटियर की भी विशेष भूमिका रही। इस मौके पर नगर परिषद की चेयरपर्सन कमलेश सैनी के अलावा अन्य गणमान्य नागरिक भी मौजूद थे। इसके बाद अटेली क्षेत्र के गांवों में बीजेपी के जिला प्रधान यतेंद्र राव ने साइकिलिस्ट का फूल मालाओं से स्वागत किया।

### इन अधिकारियों ने चंदपुरा बॉर्डर तक चलाई साइकिल

साइक्लोथॉन 2.0 को जिला के बॉर्डर तक छोड़ने के लिए कई अधिकारियों ने लगभग 30 किलोमीटर तक साइकिल चलाई। इनमें मुख्य रूप से एसडीएम नारनौल रमित यादव, नगराधीश मंजीत कुमार, डीएसपी सुरेश कुमार, डीएसपी हरदीप सिंह, डीएफओ वीरेंद्र तथा डीडीपीओ हरिप्रकाश बंसल ने चंदपुरा बॉर्डर तक साइकिल का साथ दिया।



मंडी अटेली। नशे से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में बताती सलीमपुर की सरपंच आरती यादव। फोटो: हरिभूमि

## अटेली के गांवों में साइक्लोथॉन 2.0 का उत्साह, जोश के साथ हुआ स्वागत

- नशे को जड़ से समाप्त करना साइक्लोथॉन यात्रा का मुख्य उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

अटेली क्षेत्र के गांवों में मंगलवार को साइक्लोथॉन 2.0 का लोगों ने उत्साह, उमंग और जोश के साथ स्वागत किया। अटेली क्षेत्र के लगभग हजारों लोगों ने यात्रा में शामिल होकर प्रदेश को नशामुक्त बनाने की मुहिम का समर्थन किया। यात्रा ने सुबह नौ बजे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाछौद में प्रवेश किया। उसके बाद साढ़े नौ बजे बाईपास फ्लाईओवर खोड़ होते हुए सुबह 10 बजे राजकीय प्राथमिक स्कूल सलीमपुर पहुंची, जहां सरपंच आरती यादव व ग्राम पंचायत तथा ग्रामीण इस साइक्लोथॉन-2.0 यात्रा का स्वागत किया। 11 बजे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चंदपुरा से काठ्वास होते हुए रेवाड़ी जिले में प्रवेश कर गई। इस मौके पर सलीमपुर की सरपंच आरती यादव ने कहा कि युवा पीढ़ी को नशे की गर्त से बाहर निकालना अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए युवा वर्ग को ड्रग्स के साथ अन्य सभी प्रकार के नशे से बचना है। युवा पीढ़ी ही हमारे देश का भविष्य है। देश के उज्ज्वल भविष्य के लिए युवाओं का सही रास्ते पर होना जरूरी है। इसी के चलते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा को ड्रग्स फ्री बनाने के संकल्प के साथ साइक्लोथॉन 2.0 यात्रा को रवाना किया है। यह पूरे प्रदेश में नशे के खिलाफ अपना संदेश देगी।

## सरस्वती स्कूल भोजावास के 4 खिलाड़ियों ने भारोत्तलन में जीता गोल्ड मेडल

हरिभूमि न्यूज नांगल चौधरी

सरस्वती पब्लिक स्कूल भोजावास के चार खिलाड़ियों ने भूटान में आयोजित अंतर राष्ट्रीय स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीता है। प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को संस्था के चेयरमैन दयाराम यादव ने स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया, साथ ही जल्द ही समारोह आयोजित करके विजेताओं को पुरस्कृत करने का निर्णय लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य राजेश कुमार ने की। जिसमें एमडी अमित यादव मुख्य रूप से मौजूद



नांगल चौधरी। भूटान में गोल्ड मेडल जीतकर लौटे खिलाड़ियों का स्कूल में अभिनंदन। फोटो: हरिभूमि

रहे। भूटान में बीते सप्ताह भूटान में अंतर राष्ट्रीय स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित हुई थी। जिसमें विभिन्न देशों की 180 से अधिक टीमें तथा 480 खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया था। जिनमें सरस्वती पब्लिक स्कूल भोजावास के चार खिलाड़ियों ने भारोत्तलन तथा एक टीम कबड्डी के लिए पंजीकृत हुई थी। विजय लक्ष्मी पुत्री जयकिशन नांगल पीपा ने 52 किलोग्राम भार में गोल्ड मेडल जीता है। 45 किलोग्राम में कोमल पुत्री राकेश कुमार ढाणी बाठोठा ने स्वर्ण पदक जीता है। इसके अलावा दो खिलाड़ियों ने 55 किलोग्राम में स्वर्ण जीतकर स्कूल का गौरव बढ़ाया है।

## सबमर्सिबल कनेक्शन के लिए आवेदन

**नारनौल।** हरियाणा सरकार ने किसानों को खेतों में सोलर पैनल कनेक्शन देने के लिए हरियाणा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग की ओर से जिला के किसानों के लिए तीन एचपी, 7.5 एचपी व 10 एचपी सोलर ऊर्जा पम्प 75 प्रतिशत अनुदान पर लगवाने के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इसके लिए किसान सरल हरियाणा डॉट जीओवी डॉट इन पोर्टल पर 21 अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं। यह जानकारी देते हुए अतिरिक्त उपायुक्त डॉ आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि इसमें बिजली आधारित कनेक्शन डीएचबीवीएन के मौजूदा आवेदकों को सौर ऊर्जा पम्प के कनेक्शन के लिए प्राथमिकता दी जाएगी, बशर्ते उनको अपने मौजूदा बिजली कनेक्शन को समर्पण करना पड़ेगा।

## राजकीय पॉलीटेक्निक के स्टाफ और विद्यार्थियों ने साइक्लोथॉन 2.0 रेस में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

बाबा खेतानाथ गवर्नमेंट पॉलीटेक्निक कॉलेज के स्टाफ और विद्यार्थियों ने हरियाणा उदय आउटरीच कार्यक्रम के तहत एक साइकिल यात्रा नशामुक्ति के नाम थीम पर आधारित साइक्लोथॉन-2.0 रेस में हिस्सा लिया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य लोगों को किसी भी प्रकार के नशे दूर रहने व स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए जिला प्रशासन की अगुवाई में हरियाणा सरकार द्वारा किया गया था। रेस में कॉलेज के प्रधानाचार्य



नारनौल। साइकिल रेस में भाग लेते पॉलीटेक्निक का स्टाफ एवं विद्यार्थी।

अनिल यादव के साथ स्टाफ मेंबर्स तथा छात्रों ने उत्साह के साथ अपनी भागीदारी दर्ज करवाई। साइक्लोथॉन में कई प्रतिभागियों ने लंबी दूरी तक साइकिल चलाकर अपनी फिटनेस और समर्पण का प्रदर्शन किया। आयोजन उपरांत संस्थान में आने के बाद प्रधानाचार्य अनिल यादव ने विद्यार्थियों के साथ नशा मुक्ति से संबंधित मुद्दों पर भी चर्चा की और सभी को किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने का आह्वान किया।




महेंद्रगढ़। प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

### यदुवंशी स्कूल में भाषण प्रतियोगिता आयोजित

**महेंद्रगढ़।** विश्व स्वास्थ्य दिवस पर यदुवंशी स्कूल में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा छठी से आठवीं तक के छात्रों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उनके विचारों को अभिव्यक्त करने का अवसर प्रदान करना था। कार्यक्रम का संचालन विंग हैड नवीन स्वामी की देखरेख में हुआ। प्रतियोगिता में छात्रों ने संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, मानसिक स्वास्थ्य, स्वच्छता और कोविड-19 के बाद की जीवनशैली जैसे विषयों पर प्रभावशाली भाषण दिए। छात्रों ने अपने भाषणों में स्वास्थ्य को जीवन की सबसे बड़ी पूंजी बताया और सभी को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने की प्रेरणा दी। प्राचार्य पवन कुमार ने कहा कि आज के समय में स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना अत्यंत आवश्यक है।

## स्वास्थ्य मंत्री के पीआरओ नवीन यादव का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

स्वास्थ्य मंत्री आरती राव की ओर से वरिष्ठ पत्रकार नवीन यादव को अपना पीआरओ नियुक्त किए जाने पर पंचायत समिति कार्यालय में मंगलवार को पत्रकारों ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर पत्रकारों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि नवीन यादव की नियुक्ति से मीडिया व सरकार के बीच समन्वय और भी बेहतर होगा। नवीन यादव पत्रकारिता जगत का एक जाना पहचाना नाम हैं। जिन्होंने कई प्रमुख मीडिया संस्थानों में कार्य किया है। नवीन यादव रेवाड़ी जिले के मोतला कलां गांव के निवासी हैं और राव परिवार से लंबे समय से जुड़े हुए हैं।



कनीना। नवनियुक्त पीआरओ नवीन यादव का स्वागत करते पत्रकार।




नारनौल। सीएल स्कूल के विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

### सीएल स्कूल के विद्यार्थियों ने पाई सीटीएसई में सफलता

**नारनौल।** वाणिज्य प्रतिभा खोज परीक्षा में सीएल स्कूल के होनहार छात्रों में त्रिपति पुत्री शिव चरण ने ऑल इंडिया में 18वीं रैंक प्राप्त की है। रितिक पुत्र नरवीर यादव ने ऑल इंडिया में 22वीं रैंक व यश पुत्र नीरज ने ऑल इंडिया में 23वीं रैंक प्राप्त कर स्कूल व क्षेत्र का नाम रोशन किया। उनको स्कूल में अवार्ड, घड़ी, मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस उपलब्धि पर स्कूल के प्रबंधक निदेशक डा. अमित गुप्ता ने उनको बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्य रविन्द्र सिंह ने भी बच्चों को बधाई दी। 13 नारनौल। सीएल स्कूल के विद्यार्थी।

## स्वर्गीय उदमीराम की पुण्य स्मृति में लगाई सवामणि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

यादव सभा एवं गोशाला नारनौल के पूर्व प्रधान स्वर्गीय राव उदमीराम घाटासेर वाले की चौथी पुण्यतिथि पर रोटरी क्लब नारनौल के सानिध्य में गोपाल गऊशाला के सेवकों द्वारा गऊओं के लिए एक पिकअप हरी सब्जी एवं दलिया की सवामणी का आयोजन किया। सर्वप्रथम हवन करने के बाद उनकी धर्मपत्नी श्रीमती रामप्यारी देवी व उनके सुपुत्रों नई अनाज मंडी एसोसिएशन के पूर्व प्रधान अशोक यादव, गोपाल गोशाला के पूर्व प्रधान सुरेश यादव, भाजपा नेता महेश यादव एवं राजेश यादव ने उनके चित्र पर माल्यार्पण करके गऊमाता को हरी सब्जी व दलिया खिलाया। इस मौके पर रोटीर क्लब के प्रधान विनोद चौधरी, पूर्व प्रधान राजकुमार यादव एडवोकेट, हितेश वर्मा, विजय जिंदल, संजय गर्ग, संजय सेठ, दीपक जैन, पंकज मेहता, मनीष जैन, राज बंसल, सुरेंद्र शर्मा, बलजीत सिंह आदि मौजूद थे।




नारनौल। गऊओं के लिए सवामणी लगाते हुए। फोटो: हरिभूमि

## जीवन में सुख-शांति व समृद्धि लाने के लिए किया जाता है हवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

नांगल चौधरी की यादव धर्मशाला में चल रहे नौ दिवसीय पांच कुण्डीय हवन यज्ञ के आठवें दिन बड़ी धूमधाम से पूजा-पाठ के बाद हवन यज्ञ में आहुतियां दी गई। महंत रवि गिरी महाराज ने हवन यज्ञ पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हवन यज्ञ में आहुति देते हुए स्वाहा का



- नौ दिवसीय पंच कुंडीय हवन में पहुंचे बाबा से

उच्चारण करना सभी को आवश्यक है। उन्होंने कहा कि स्वाहा अग्नि देवता की पत्नी हैं और उनका उच्चारण करने से ही हवन यज्ञ पूर्ण होता है। उन्होंने कहा कि हवन यज्ञ एक प्राचीन धार्मिक अनुष्ठान है, जिसमें अग्नि में आहुति दी जाती है। यह अनुष्ठान व्यक्ति के जीवन में सुख-शांति और समृद्धि लाने के लिए किया जाता है। हवन यज्ञ में स्वाहा का उच्चारण करना आवश्यक है क्योंकि इससे हवन यज्ञ की प्रक्रिया पूर्ण होती है और देवताओं को आहुति दी जाती है।

## हरियाणा अनुसूचित जाति/जनजाति कर्मचारी कल्याण संघ 14 को मनाएगा डा. भीमराव अंबेडकर जन्मोत्सव समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हरियाणा अनुसूचित जाति जनजाति कर्मचारी कल्याण संघ के तत्वावधान में 14 अप्रैल को डा. बीआर अंबेडकर का जन्मोत्सव समारोह मनाया जाएगा। यह फैसला सोमवार देर सायं हुई संघ की बैठक में लिया गया। कार्यक्रम का आयोजन नई कचहेरी मैदान महेंद्रगढ़ रोड पंचायत भवन के पास किया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि डीईईओ सुभाष सामरिया उपस्थित रहेंगे।

अध्यक्षता हरियाणा अनुसूचित जाति जनजाति कर्मचारी कल्याण संघ के पूर्व प्रधान जयनारायण दुग्गल करेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि अल्प बचत भारत सरकार के पूर्व उपनिदेशक हरीसिंह बड़कोदिया, सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक वरिष्ठ प्रबंधक वेदप्रकाश चौधरी, सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक सहायक सतर्कता अधिकारी बाबूलाल फांडन, सेवानिवृत्त वरिष्ठ प्रबंधक भीमसिंह सूंठवाल एसबीआई, हरियाणा अनुसूचित जाति जनजाति कर्मचारी कल्याण संघ के पूर्व प्रधान एवं प्रवक्ता राजकुमार निम्भल, राष्ट्रपति अवॉर्डी पूर्व सरपंच रोशनी देवी और जिला बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान मंजीत यादव होंगे।

संघ के महासचिव रामकिशन मरोड़िया ने बताया कि बाबा साहेब के जन्मोत्सव कार्यक्रम में 14 अप्रैल को समाज के पिछले सत्र में 10वीं व 12वीं में 75 प्रतिशत, स्नातक में 60 प्रतिशत तथा स्नातकोत्तर में 55 प्रतिशत लेने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों, सेवानिवृत कर्मचारी व अधिकारी, पदोन्नत एवं नवनियुक्त कर्मचारियों, खेल व अन्य विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली सभी प्रतिभाओं को संघ की तरफ से सम्मानित किया जाएगा।

इस अवसर पर बच्चों की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के आरंभ होने से पूर्व महेंद्रगढ़ रोड पर ही स्थित डा. अंबेडकर की प्रतिमा पर प्रातः 10 बजे माल्यार्पण करने के बाद महेंद्रगढ़ रोड स्थित नई कचेहरी मैदान नजदीक पंचायत भवन स्थल पर डा. बीआर अंबेडकर के जन्मोत्सव कार्यक्रम का मंगलारम्भ किया जाएगा।



नारनौल। बैठक करते संघ के सदस्य। फोटो: हरिभूमि



महेंद्रगढ़। गांव ढाढोत में रैली निकालते विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

### नशा सब बुराइयों की जड़: डॉ. पवित्रा

**महेंद्रगढ़।** आधुनिक परिवेश में सबसे बड़ी बुराई अगर युवाओं में व्याप्त है तो वह नशा है। इसे समाज से उखाड़ फैंकने में अगर किसी की महत्त्वपूर्ण भूमिका हो सकती है वह युवा वर्ग की ही होगी। यह विचार डॉ. पवित्रा राव ने आरपीएस डिग्री कॉलेज बलाना के विद्यार्थियों के मध्य रखे व उन्हें नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत ढ़ाढोत गांव में रैली निकालने के लिए हरी झंडी दिखाई। मानविकी विभाग अध्यक्ष डॉ. राजेश डागर ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य दिवस के अंतर्गत विभाग के बीए के विद्यार्थियों ने एनएसएस, वाइआरसी एवं अन्य विभाग के विद्यार्थियों को शामिल करते हुए ढ़ाढोत ग्राम में नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत रैली निकाली। रैली का उद्देश्य आजकल युवाओं के द्वारा नशे की तरफ गलत रुझान को दिशा-निर्देश करते हुए रोकना था। डॉयरेक्टर डॉ. महेश यादव, रजिस्ट्रार डॉ. देवेन्द्र यादव ने विद्यार्थियों को निर्देशित किया व इससे दूर रहने की सलाह दी। प्रिंसिपल डॉ. देवेंद्र कादयान व डीन डॉ. हेमंत कुमार ने विद्यार्थियों के अभियान की सराहना की।

## खबर संक्षेप



### हनुमानजी मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में पूजा शुरू

**महेंद्रगढ़।** नक्षत्र विद्यापीठ कॉलेज आकोदा-कादमा रोड गढ़ी-खुडाना में स्थित कॉलेज में नवनिर्मित मंदिर में हनुमान जी और शनि देव की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में पांच दिवसीय अनुष्ठान का आयोजन किया गया। मंगलवार को प्रथम दिन आचार्य राहुल भारद्वाज गढ़ी के सानिध्य में पांच पंडितों पंडित आलोक लाटा, पंडित सोमवीर शर्मा, पंडित देवेंद्र कौशिक व छोटूराम द्वारा कलश स्थापना करके सभी देवी-देवताओं की श्रद्धापूर्वक मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत पूजा अर्चना की तथा इसके पश्चात भगवान का अन्नाधिवास किया गया।

### वरिष्ठ नागरिक संगठन की बैठक 13 को

**नारनौल।** वरिष्ठ नागरिक संगठन के संयुक्त सचिव शिवहरि अग्रवाल ने बताया कि संगठन की मासिक बैठक किला रोड स्थित साध्वी बहन मिश्री देवी आश्रम में 13 अप्रैल को सुबह 10:30 बजे संगठन के प्रधान दुलीचन्द शर्मा की अध्यक्षता मे आयोजित की जाएगी, जिसमें वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओ के अतिरिक्त शहर के ज्वलंत मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा।

### कोटिया में जागरण व भंडारा 12 को

**नारनौल।** हनुमान जन्मोत्सव पर गांव कोटिया की चिथोड़ा की बनी में दिन में 12 अप्रैल को बाबा का जागरण व भंडारे का आयोजन किया जाएगा। मंदिर कमेटी के प्रधान नरेश कुमार ने बताया कि जागरण में मुख्यातिथि जिला प्रमुख डा. राकेश कुमार होंगे। वहीं बाबा के जागरण में आमंत्रित गायक कलाकार सुरेश गोला, संध्या चौधरी, बाबी भगेल, नानकचंद मोदीनगर, दिनेश गुरुग्राम, ज्योति यादव द्वारा हनुमान जन्मोत्सव पर अपने भक्तिमय बाबा के भजनों से गुणगान किया जाएगा।

### भाजपा का सक्रिय सदस्य सम्मेलन आज

**मंडी अटेली।** अटेली के ओम गार्डन में भाजपा का सक्रिय सदस्य सम्मेलन नौ अप्रैल को दोपहर ढाई बजे आयोजित किया जाएगा। जानकारी देते हुए अटेली मंडल के अध्यक्ष मुकेश कुमार गणियार ने बताया कि इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव सभी सक्रिय सभी सदस्यों को संबोधित करेंगी, जिसमें आगे की रूपरेखा तैयार कर जानकारी दी जाएगी।

### हनुमान जन्मोत्सव पर भंडारा व मेला 12 को

**नारनौल।** बहरोड़ मार्ग स्थित बाबा कड़ियां वाले मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव 12 अप्रैल को धूमधाम से मनाया जाएगा। हनुमान जन्मोत्सव पर मेला व भंडारे का आयोजन किया जाएगा। मंदिर के पुजारी प्रबंधक नरेंद्र शर्मा ने बताया कि सुबह पांच बजे से साढ़े आठ बजे तक बालाजी का भव्य श्रृंगार होगा। मंगल आरती के बाद मंदिर प्रांगण में पलसाना से पधारे आचार्य वासुदेव अपने शिष्यों के साथ अनुष्ठान करवाएंगे।

# सतनाली स्टेशन पर लगेगा कोच गाइडेंस सिस्टम, आरक्षित कोच के स्थान की मिलेगी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सतनाली मंडी

यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। रेलवे की ओर से यात्रियों के लिए श्रेष्ठ सुविधाएं उपलब्ध करवाए जाने की कड़ी में सतनाली स्टेशन पर भी कोच गाइडेंस सिस्टम लगाए जाने प्रस्तावित हैं। इस सिस्टम के द्वारा यात्रियों को ट्रेन आने से पूर्व अपने आरक्षित कोच की जानकारी मिलती है, अर्थात प्लेटफार्म पर यात्रियों का कोच किस स्थान पर आएगा। यात्री ट्रेन आने पर बिना किसी परेशानी के अपने आरक्षित कोच की, आरक्षित सीट पर जाकर बैठ सकते हैं।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक बीकानेर के अनुसार बीकानेर रेल मंडल पर यात्रियों को श्रेष्ठ सुविधा उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से स्टेशनों पर कोच गाइडेंस सिस्टम (सीजीएस) लगाए गए हैं। बीकानेर रेल मंडल के 16 स्टेशनों के सभी प्लेटफार्मों पर कोच गाइडेंस सिस्टम लगाए गए हैं। इनमें बीकानेर, लालगढ़, सूरतगढ़, हनुमानगढ़, मंडी डबवाली, श्री गंगातंगर, गोगामेडी, रतनगढ़, चूरु, सादुलपुर, महेन्द्रगढ़, हिसार, भिवानी जंक्शन, सिरसा, कोसली एवं चरखी दादरी स्टेशन सम्मिलित हैं। यात्री सुविधा हेतु बीकानेर रेल मंडल के 14 स्टेशन ऐसे हैं। जिनमें प्लेटफार्म नम्बर एक व दो पर कोच गाइडेंस सिस्टम स्थापित किया जाना स्वीकृत है। इनमें झाड़ली, श्री डूंगरगढ़, अनूपशहर, सिद्धमुख, केसरी सिंहपुर, गजसिंहपुर, सातरोड, डहीना जैनाबाद, कनीना खास, सतनाली, जाटूसाना, सुधराना, मनहेरू, सूडसर आदि स्टेशन सम्मिलित हैं। इन 21 स्टेशनों में से करनपुर, कोलायत, ऐलनाबाद, नोहर, कलानौर लूनकरनसर, तूनकरनसर, महाजन, महाजन, पीली बंगा, सादुलशहर, संगरिया, श्री कलां, नापासर, राजलदेसर, शिवानी, तहसील भांदरा एवं हनुमानगढ़ टाउन में कोच गाइडेंस सिस्टम लगाने का कार्य शुरू हो चुका है व अन्य स्टेशनों पर शीघ्र ही ये सिस्टम लगाया जाएगा। बीकानेर रेल मंडल पर आठ स्टेशनों पर प्लेटफार्म नम्बर दो पर यात्री सुविधा हेतु कोच गाइडेंस सिस्टम लगाया जा रहा है। इनमें संगरिया, ऐलनाबाद, नोहर, हनुमानगढ़ टाउन, तहसीलभादरा, सादुलशहर, श्री करनपुर, राजलदेसर सम्मलित हैं। उपरोक्त स्टेशनों के अलावा लोहारू, मंडी आदमपुर, हांसी, रायसिंह नगर, कालांवाली, भट्टू, स्टेशनों पर भी अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत कोच गाइडेंस सिस्टम स्थापित किया जाएगा। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक ने बताया कि श्रेष्ठ यात्री सुविधा हेतु बीकानेर रेल मंडल कटिबद्ध है।

## बीकानेर रेल मंडल के अनेक स्टेशनों पर लगेंगे कोच गाइडेंस सिस्टम




***14 स्टेशनों में से झाड़ली व श्री डूंगरगढ़ में कोच गाइडेंस सिस्टम लगाने कार्य उन्नति पर:*** इन 14 स्टेशनों में से झाड़ली व श्री डूंगरगढ़ में कोच गाइडेंस सिस्टम लगाने कार्य उन्नति पर है तथा शेष स्टेशनों पर शीघ्र ही कार्य शुरू किया जाएगा। इसके अलावा बीकानेर रेल मंडल पर 21 स्टेशनों पर प्लेटफार्म नम्बर एक पर कोच गाइडेंस सिस्टम लगाने की स्वीकृति है। इनमें लूनकरनसर, महाजन, पीली बंगा, सादुलशहर, संगरिया, श्री करनपुर, कोलायत, ऐलनाबाद, नोहर, कलानौर कलां, नापासर, राजलदेसर, शिवानी, तहसील भादरा, हनुमानगढ़ टाउन, रमन, अरजनसर, टीबी, जैतसर, डींग, बवानीखेड़ा स्टेशन सम्मिलित हैं।

## सरकार काले कानून को वापस नहीं लेती, तब तक संघर्ष रहेगा जारी

# खाद एवं बीज विक्रेताओं की हड़ताल दूसरे दिन भी जारी, दुकानें बंद रख जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल/मंडी अटेली

खाद, बीज एवं कीटनाशक विक्रेता एसोसिएशन के जिला प्रधान कुलदीप यादव कनीना ने कहा कि जब तक सरकार काले कानून को वापस नहीं लेती, तब तक संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने खाद बीज विक्रेताओं के विरुद्ध एक काला कानून बनाया है, जिसमें बीज निर्माता कंपनी के बनाए हुए बीज के खराब निकलने पर दुकानदारों को भी दोषी ठहराया जाएगा तथा उसे भी निर्माता कंपनी के बराबर दोषी ठहराकर दंडित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसा करना सरकार की मनमानी है, जबकि अबसे पहले केवल निर्माता कंपनी को ही दोषी माना जाता था और किसान को हुए नुकसान की भरपाई करवाई जाती थी। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन प्रदेश इकाई के आह्वान पर किया जा रहा है और जब तक आगामी आदेश नहीं मिल जाता और यह कानून वापस नहीं हो जाता, तब तक खाद बीज विक्रेता दुकानें बंद रखकर इसका विरोध जारी रखेंगे। उनके साथ सचिव नरेश कुमार, कोषाध्यक्ष जसवंत, उपाध्यक्ष संजय अग्रवाल, जिला कमेटी सदस्य संजय सिंह, संजय गोद बलाहा, कमल शर्मा नांगल चौधरी, जितेंद्र शर्मा नांगल चौधरी, विनोद अग्रवाल महेंद्रगढ़, सुरेश सैनी महेंद्रगढ़, आलोक गोयल कनीना, यशपाल अटेली, राकेश अटेली, कृष्ण अटेली, मंजीत गौड़ बूचावास, रामेश्वर दयाल पाथेड़ा, महेंद्र सिंह सिहमा, विकास यादव भोजावास, भूमेश कुमार कनीना, हरिकिशन यादव कनीना, योगेश कुमार महेंद्रगढ़, श्रवण महेंद्रगढ़, बिजेंद्र सिंह महेंद्रगढ़, बिरेंद्र कुमार आकोदा, संजय सतनाली एवं राजेश गुप्ता सतनाली आदि मौजूद थे, जिन्होंने प्रदेश इकाई के निर्णय को उचित ठहराते हुए आंदोलन जारी रखने का निर्णय लिया।

## सात दिन में परिणाम नहीं आने पर अनिश्चितकालीन दुकान बंद:खाद बीज विक्रेता




मंडी अटेली। अटेली क्षेत्र में बंद खाद बीज की दुकानें। फोटो : हरिभूमि

### सात दिन में परिणाम नहीं आने पर अनिश्चितकालीन दुकान बंद

सम्मेलन में यह भी निर्णय लिया गया कि अगर अगले सात दिन में इस मामले में कोई सकारात्मक परिणाम सामने नहीं आया तो इस व्यापार को अनिश्चितकाल के लिए बंद कर किया जाएगा। किसानों की परेशानी बढ़ गई है। जल्द ही खरीफ सीजन की बिजाई शुरू होने को है और अगर सरकार ने इस तरफ कोई ध्यान न दिया तो आने वाले दिनों में यह किसानों के लिए बड़ी परेशानी का सबब बन सकता है। अटेली के अलावा क्षेत्र के गांव राता, कारिया, चंदपुरा, बाछौद, कांटी, खेड़ी आदि गांव में दूसरे दिन बीज की दुकानें बंद रही।

### सरकार अपनी जिद पर अड़ी

दूसरी ओर मंडी अटेली में एक्ट के विरोध में महेंद्रगढ़ जिले की खाद बीज, कीटनाशक विक्रेता एसोसिएशन जिला प्रधान कुलदीप यादव ने बताया कि सर्वसम्मति से निर्णय लिया था कि जब तक उनकी मांगों को पूरा नहीं होती है, हड़ताल जारी रहेगी। अगर फिर भी सरकार अपनी जिद पर अड़ी रहती है तो जिले के सभी खाद बीज विक्रेता सामूहिक रूप से अपना लाइसेंस कृषि विभाग में जमा करवा देंगे। आगामी निर्णय लेने के लिए जिले में सात सदस्यीय कोर कमेटी का गठन किया गया, जिसमें प्रधान कुलदीप यादव, अटेली संजय अग्रवाल, नारनौल से नरेश गर्ग, विनोद अग्रवाल महेंद्रगढ़, संदीप अग्रवाल, जसवंत यादव महेंद्रगढ़ व आलोक अग्रवाल कनीना शामिल हैं। अटेली क्षेत्र में मंगलवार से खाद एवं बीज विक्रेताओं की दुकानें बंद रही। अटेली क्षेत्र ही नहीं जिले में सभी दुकानें बंद रही, जिस कारणों किसानों को खाद बीज के लिए इधर-उधर भटकना पड़ा। विक्रेताओं ने पेस्टिसाइड एक्ट के विरोध में सोमवार से 7 दिन की हड़ताल प्रारंभ की थी।

### यह बोले विक्रेता

#### कानून सरासर गलत



यह कानून सरासर गलत है, इस कानून को पास करने से पहले किसी प्रकार का संबंधित पक्षों से सुझाव से नहीं लिये गये। हमारे पास कंपनियों से सील बंद माल आता है तथा उसी को किसानों को बेचते हैं। यह बीज सरकार द्वारा जारी किए गए मापदंडों की जांच के बाद ही बाजार में बिक्री के लिए आते है।

-संजय अग्रवाल, खाद बीज विक्रेता, अनाज मंडी

#### गैर जमानती धारा लगाई



इस एक्ट के तहत खाद बीज के विक्रेता को गैर–जमानती धारा लगाई गई हैं, जिसमें कम से कम छह माह की सजा तथा जुर्माना निर्धारित किया गया है। वहीं नशीले पदार्थ बेचता है, उसके लिए ऐसी सख्त धाराएं नहीं हैं। जबकि खाद बीज विक्रेता किसानों को समय पर खाद बीज मुहैया कराती है

-कुलदीप यादव, जिला प्रधान एसोसिएशन

#### बदलाव नहीं करने तक रहेगा विरोध



जब तक यह सरकार सीड्स एवं पेस्टिसाइड्स एक्ट 2025 में बदलाव नहीं करती है, इसका विरोध जारी रहेगा। प्रदेशभर के खाद बीज के प्रतिष्ठान निरंतर दिन बंद रहेंगे। -संदीप सुजापुर, खाद बीज विक्रेता

#### अनिश्चिकाल तक रखा जएगा बंद



इस मामले में कोई सकारात्मक परिणाम सामने नहीं आया तो इस व्यापार को अनिश्चितकाल के लिए बंद कर किया जाएगा। इससे किसानों की परेशानी बढ़ सकती है। जल्द ही खरीफ सीजन की बिजाई के लिए सरकार जिम्मेदार होगी।

-महेंद्र सिंह, खाद बीज विक्रेता खेड़ी

### खाद बीज विक्रेताओं की हड़ताल जारी

कनीना। कीटनाशक एवं बीज संशोधन विधेयक को लेकर खाद बीज विक्रेताओं ने मंगलवार को दूसरे दिन भी अपने व्यापारिक संस्थान बंद कर विरोध जताया। खाद बीज एसोसिएशन के प्रधान कुलदीप यादव ने बताया कि जब सरकार की ओर से विधेयक पर पुर्नविचार करने का फैसला नहीं लिया जाता, तब तक उनकी हड़ताल जारी रहेगी। खाद बीज विक्रेता महेश बोहरा, भूनेष कुमार, आलोक कुमार, वीरेन, कपिल, चंचल, विपिन ने बताया कि सरकार का यह फैसला उनके हित में नहीं है। जिसे लेकर प्रदेशभर के खाद बीज विक्रेता विरोध जता रहे है। दूसरी ओर फसल कटाई के बाद किसान ज्वार, कपास, नरमा व हरा चारा की बिजाई करने के लिए बीज की तलाश में घूम रहे हैं।



कनीना। नई मंडी चेलावास में सरसों की खरीद करते एजेंसी के अधिकारी।

# कनीना मंडी में बढ़ने लगी गेहूं की आवक

हरिभूमि न्यूज कनीना

पुरानी मंडी में गेहूं की आवक बढ़ने लगी है। खरीद एजेंसी फूड सप्लाई की ओर से सोमवार को पहले दिन 2236 क्विंटल गेहूं की खरीद की गई। वहीं मंगलवार को दूसरे दिन 118 किसानों का 4073 क्विंटल से अधिक गेहूं की खरीद की गई। खरीद अधिकारी ध्यान सिंह ने बताया कि मंडी में गेहूं खरीद की समुचित व्यवस्था की गई है। गेहूं खरीद के 72 घंटे में किसानों को भुगतान किया जाएगा। हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार प्रदेश में एक अप्रैल से गेहूं की खरीद शुरू करने की घोषणा की गई थी, लेकिन फसल कटाई के चलते गेहूं मंडी में नहीं पंहुच सका था। सोमवार से खरीद कार्य प्रारंभ हुआ। मार्केट कमेटी के सचिव विजय सिंह ने बताया कि गेहूं खरीद के लिए मंडी में सभी बंदोबस्त किए गए हैं।

### 98 हजार क्विंटल सरसों की आवक

मार्केट कमेटी सचिव विजय सिंह ने बताया कि नई आनाज मंडी चेलावास में सरसों खरीद एजेंसी स्टेट वेयर हाउस की ओर से की जा रही है। मंगलवार तक 98 हजार क्विंटल सरसों की आवक हुई है तथा 75376 की खरीद की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि उठान कार्य धीमा होने की वजह से मंडी ब्रेक होने की संभावना बन रही है। मार्केट कमेटी की ओर से इस बारे में उच्च अधिकारियों को भी अवगत करवा दिया गया है। सरसों की खरीद एनसीसीएफ, नेशनल को ऑपरेटिव कंज्यूमर फेडरेशन के माध्यम से स्टेट वेयर हाउस की ओर से की जा रही है।

### अटेली अनाज मंडी में गेहूं की आवक शुरू सरसों के तोल को लेकर किसानों का विरोध

**मंडी अटेली।** अटेली अनाज मंडी में सरसों की खरीद जारी है। मंडी में खरीद नेफेड के लिए खरीद हो रही है। इस एजेंसी का लक्ष्य पूरा हो गया है। गुवानी के किसान कृष्ण कुमार ने मंडी सरसों की बोरियों में तय मापदंड से ज्यादा सरसों लेने का आरोप लगाया। किसानों ने डायल 112 को भी सूचित किया, जो मौके पर पहुंच कर अग्रिम कार्रवाई की। सरसों की खरीद को लेकर किसानों ने तोल को लेकर अपनी आपत्ति जताई। किसानों व आढ़तियों का कहना था कि सरसों की बैग की बोरी में 50 किलो 780 ग्राम होना चाहिए, लेकिन बोरियों में 51 किलो 800 ग्राम पाया जा रहा है। इस प्रकार किसान से एक कट्टे से 400 ग्राम अधिक सरसों ली जा रही है। मंगलवार को सरसों की हैफेड के द्वारा अंतिम दिन खरीद का है। इसलिए जल्दी जल्दी करके इसको पैक किया जा रहा है। हैफेड के मैनेजर रोशन लाल ने बताया कि मंडी में मंगलवार को 7225 क्विंटल की खरीद हुई, वहीं अभी तक 49957 क्विंटल की खरीद हो गई है। मंडी में 2283 किसानों की 67515 बैग की लिफ्टिंग हो चुकी है, एक बैग 50 किलो का है। उन्होंने बताया कि खरीद के 72 घंटे बाद किसान की पेमेंट डाली जा रही है। उन्होंने बताया कि गेहूं की मंडी में गेहूं की आवक प्रारंभ हो गई है।

# ईमानदारी से महेंद्र सिंह ने अनुकरणीय मिसाल पेश की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

गवर्नमेंट रेलवे पुलिस (जीआरपी) के इंस्पेक्टर महेंद्र सिंह पुलिस को 36 साल 2 महीने 23 दिन सेवाएं समर्पित करने उपरांत मंगलवार को सेवानिवृत्त हो गए। इस मौके पर उनके सम्मान में रेलवे स्टेशन स्थित जीआरपी चौकी तथा उनके आवास पर सम्मान समारोहों का आयोजन किया गया, जिनमें अनेक गणमान्य लोगों ने भाग लेकर उनका मालाओं एवं पगड़ियों से शानदार मान–सम्मान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रेवाड़ी जीआरपी के इंस्पेक्टर श्याम सिंह ने महेंद्र सिंह के कार्यकाल की प्रशंसा की तथा कहा कि इन्होंने पूरी कर्मठता एवं ईमानदारी से अपना कार्यकाल पूरा करके अनुकरणीय मिसाल पेश की है। यह कानून के भरपूर जानकार थे और पूरी गंभीरता से अपनी ड्यूटी करते थे। इनके साथ बिताए गए पल हमेशा याद रहेंगे।

इस मौके पर इंस्पेक्टर महेंद्र सिंह ने भी अपनी नौकरी के दौरान के पल सांझा किए और स्टॉफ एवं साथियों का भरपूर मान–सम्मान के लिए आभार प्रकट किया।

इस मौके पर उनके गांव दौचाना के सरपंच मूलचंद, धर्मपत्नी सुमित्रा देवी, नारनौल चौकी इंचार्ज कैलाश चंद शर्मा, महेंद्रगढ़ के इंचार्ज एएसआई बलवंत सिंह, सब इंस्पेक्टर सतपाल, एलएचसी सुमनलता, अनीता, आशा, भतेरी, पिंकी, कांग्रेस प्रधान संजय पटीकरा एवं नरेश नरसी पटीकरा समेत अनेक गणमान्य लोग एवं रिश्तेदार मौजूद रहे।



नारनौल। इंस्पेक्टर महेंद्रसिंह का ताली बजाकर सम्मान करते पुलिस अधिकारी।

# भाजपा सरकार चहुंमुखी विकास के लिए उठा रही हर कदम: विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

विधानसभा क्षेत्र में सक्रिय सदस्यता सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन विधायक कार्यालय में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में नारनौल विधायक, विधायक कंवर सिंह यादव मौजूद रहे।

नारनौल विधायक ने कहा कि बीते 11 वर्षों में भारत ने किस प्रकार विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं और भाजपा की क्या भूमिका रही है। इन कार्यक्रमों में बताया जाएगा कि कैसे पार्टी ने जमीनी स्तर पर काम करने वाले कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ाया और उन्हें विधानसभा और लोकसभा चुनावों में मौका देकर उन्हें जनप्रतिनिधि बनने का अवसर भी दिया। विधायक कंवर सिंह यादव ने बताया कि भाजपा सरकार चहुंमुखी विकास के लिए हर कदम उठा रही है। यादव ने अपने कार्यकर्ताओं से कहा कि मेरी ताकत आप सब हो, जिन्होंने मुझे विधानसभा क्षेत्र से जिताकर चंडीगढ़ भेजने का काम किया।



महेंद्रगढ़। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते विधायक कवर सिंह यादव।

### गुमशुदा नाबालिग बच्चे को परिजनों से मिलाया

**सतनाली।** सोमवार को एक लावारिश बच्चा गांव ढाढोत थाना सतनाली में मिला था। स्थानीय लोगों ने डायल-112 पर इसकी सूचना दी थी, सूचना पर टीम ने बच्चे को थाना में लाकर उसके परिजनों से मिलवाने के प्रयास शुरू कर दिए। पुलिस टीम द्वारा बच्चे के परिजनों का पता लगाकर पुलिस चौकी माधोगढ में बुलाकर बच्चे को सकुशल उनके हवाले किया गया। बच्चे के परिजन राजस्थान के एक गांव में काम करने के लिए आए हुए हैं। सोमवार शाम थाना सतनाली की पुलिस टीम को ढाढोत में एक नाबालिग बच्चा लावारिस हालत में मिला। पुलिस ने बच्चे से उसके नाम पता व माता पिता के बारे में पूछा, लेकिन बच्चा कुछ नहीं बता पा रहा था।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डैंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

# कौशल रोजगार निगम कर्मचारियों के साथ धोखा कर रही है सरकार: राव नरेंद्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हरियाणा कौशल रोजगार निगम के कर्मचारियों ने प्रदेश के पूर्व मंत्री राव नरेंद्र सिंह से मुलाकात कर अपनी समस्या को लेकर अवगत करवाया व ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर पूर्व मंत्री राव नरेंद्र सिंह ने कौशल रोजगार निगम के कर्मचारियों की मांग को अपना समर्थन देते हुए कहा कि हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से लगे टीजीटी व पीजीटी अध्यापक, नहर विभाग, वन विभाग, पंचायती राज विभाग सहित अन्य विभागों के कर्मचारियों की बर्खास्तगी व सर्विस सिक्योरिटी के नाम पर इन युवाओं के साथ हरियाणा सरकार ने धोखा करने का काम किया है। जहां एक तरफ प्रदेश में बेरोजगारी दर चरम सीमा पर है।

वहीं दूसरी तरफ ऐसे में युवाओं की नौकरी की बर्खास्तगी बेहद निंदनीय है। राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि कौशल रोजगार निगम के माध्यम से प्रदेश में लगभग एक लाख 20 हजार नौकरियां हैं। इसमें 90 प्रतिशत से अधिक साल 2020-21 के बाद लगे हैं। अब इन सभी युवाओं की नौकरी पर हरियाणा की भाजपा सरकार की तलवार लटक गई है।

चुनाव से ठीक पहले मुख्यमंत्री ने कहा था कि इस नौकरी में किसी युवा को हटाया नहीं जाएगा, लेकिन आज इन युवाओं की पीठ में छुरा घोपने का काम किया जा रहा है। राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि हाल ही में 25 मार्च को हरियाणा सरकार की ओर से एक पत्र के माध्यम से फरमान जारी किया गया। जिसमें साफ कहा गया कि निगम के सभी कर्मचारियों को केवल 31 मार्च 2025 तक ही सेवा में रखा जाएगा। अगर इसके बाद रखा जाएगा तो फिर निगम या वित्त विभाग की लिखित अनुमति अनिवार्य है। इससे ये साफ प्रतीत होता है कि अगर अनुमति नहीं मिली तो उन सभी हजारों कर्मचारियों की नौकरी पर तलवार लटक जाएगी।



नारनौल। पूर्व मंत्री को ज्ञापन सौंपते हरियाणा कौशल रोजगार निगम के कर्मचारी।

### समाधान शिविर अब प्रत्येक वीरवार को लगेगा: डीसी

**महेंद्रगढ़।** डीसी डॉ. विवेक भारती ने कहा कि प्रदेश सरकार के नए दिशा-निर्देश अनुसार जिला प्रशासन द्वारा आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए अब महेंद्रगढ़ उपमंडल के एसडीएम कार्यालय में प्रत्येक सप्ताह के वीरवार को डीसी व एसपी की अध्यक्षता सुबह 10 से 12 बजे तक समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर में आने वाली प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लिया जा रहा है और यथाशीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। समाधान शिविरों में प्राप्त शिकायतों की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। समाधान शिविर में अधिकारी यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि किसी भी शिकायत को लंबित न रखा जाए और सभी मामलों में पारदर्शी व संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाया जाए। डीसी ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस सुविधा का लाभ उठाएं।